CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 11° C

नई दिल्ली, रविवार 22 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 322 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती पेज 2



भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन, पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी-20 सीरीज खेल टाइम्स



भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प टैरिफ का खेल पेज 11



कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर! बॉलीवुड

# ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

## भारत-ब्राजील में क्रिटिकल मिनरल्स समझौता, पीएम मोदी बोले- पांच साल में 20 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।

उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है। दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ



**■ राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा: आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है**

> यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है रक्षा क्षेत्र में भी भारत और ब्राजील के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है, यह दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे और रणनीतिक समझ का अच्छा उदाहरण है। आगे भी इस फायदे वाली साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा...
>
> **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

> भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं, अगर हम साथ मिलकर काम करेंगे, तो भारत-ब्राजील के रिश्ते और मजबूत होंगे, दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को भी मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को दो बड़ी महाशक्तियों के बीच किसी नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना फिर कभी न करना पड़े...
>
> **- लूला डी सिल्वा, ब्राजील के राष्ट्रपति**

एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा कि भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं।

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।

# भारत पर लगा 18% टैरिफ भी खत्म

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 % रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हुआ**

**गुस्साए राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर नए कानून ( सेक्शन -122 ) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया**

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।

दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए आईईईपीए कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा था कि ट्रम्प को आईईईपीए कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ



**■ सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं : ट्रम्प**

लगाने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 15 फीसदी का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 15 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18 फीसदी की जगह घटकर 15 फीसदी रह जाएगा। उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा कि मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं। ट्रम्प ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिये लागू कर सकता हूं। सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी। जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा।

## टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारिकी से विश्लेषण कर रहा है भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाए गए टैरिफ पर वहां के सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि वह टैरिफ से संबंधित अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है।

मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर कहा कि हमने कल टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाते हुए इस टैरिफ को रद्द कर दिया है। यह एक्ट अमेरिकी राष्ट्रपति को आपात स्थिति में अलग- अलग तरह के मामलों में इस तरह के कदम उठाने का अधिकार देता है जैसे मामलों की जांच करना, जांच लंबित रहने के दौरान रोक लगाना, तथा आयात या निर्यात को रोकना या प्रतिबंधित करना।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, लालकिले की सुरक्षा बढ़ाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लालकिले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड और क्विक रिएक्शन टीमों की तैनाती की गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने

**■ चांदनी चौक का मंदिर भी निशाने पर**
**■ धार्मिक और ऐतिहासिक जगहों की सिक्योरिटी बढ़ाई गई**

और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं। यह अलर्ट 10 नवम्बर 2025 को लाल किले के पास हुए एक कार बम धमाके के बाद आया है। उस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोटकों से भरी कार फटने से आसपास खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई थी और इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद की मस्जिद में हुए धमका का बदला लेने के लिए लश्कर भारत में बड़ी आतंकी वारदात के फिराक में है।




# तीन राज्यों में SIR की फाइनल लिस्ट पब्लिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई।

राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। अब

**■ राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड**
**■ अब तक छह राज्यों-यूटी की सूची जारी**

तक कुल 6 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुड्डुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी। उत्तर प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जा रही है।

# राजधानी दिल्ली में गर्मी बढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने से धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी में तेज धूप खिलने के साथ न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से लगभग 2.4 डिग्री ज्यादा है।

विभाग ने संकेत दिया है कि अगले छह दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक

**■ अगले हफ्ते 33 डिग्री तक पहुंच सकता है दिन का तापमान**

ज्यादा हो सकता है। शहर में दिन के तापमान में भी तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री से ज्यादा बढ़कर अगले हफ्ते शुक्रवार तक 30 डिग्री के निशान को पार करके 33 डिग्री तक पहुंच सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार के भतीजे का आरोप, प्लेन क्रैश बड़ी साजिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

### आपदा प्रबंधन नीति की मजबूती के लिए त्रिपक्षीय समझौता

**नई दिल्ली।** देश में आपदा प्रबंधन नीति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन और जोखिम न्यूनीकरण में अकादमिक कार्यक्रम शुरू कर, क्षमता निर्माण, नीति अनुसंधान और संचार को बढ़ावा देने के ख्याल से एक महत्वपूर्ण सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने के लिए आपसी सहमति के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# इतिहास में पहली बार होगा अरबों डॉलर का रिफंड

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका की** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सबसे बड़े टैरिफ वाले फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने जिस आपातकालीन कानून का इस्तेमाल करके दुनिया भर के देशों पर आयात टैक्स लगाया था, वह कानूनी रूप से सही नहीं था।

कोर्ट का कहना है कि आयात पर टैक्स लगाने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के पास होता है, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि सरकार ने जो करीब 133 अरब डॉलर (लगभग 11 लाख करोड़ रुपये) टैरिफ के रूप में पहले



ही वसूल कर लिए हैं, उनका क्या होगा। बड़ी-बड़ी कंपनियां अब अपने पैसे वापस मांग रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आखिरकार कंपनियों को रिफंड मिल सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बहुत लंबी, जटिल और विवादों से भरी रहने वाली है। जानकारों के

**■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटके के बाद बढ़ी ट्रम्प की मुश्किलें, अब 133 अरब डॉलर लौटाने की चुनौती**

मुताबिक, रिफंड का फैसला अमेरिकी कस्टम विभाग, इंटरनेशनल ट्रेड कोर्ट और अन्य अदालतों के जरिए तय होगा। इसमें 12 से 18 महीने या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है। कई कंपनियों ने तो पहले ही केस कर दिए हैं, ताकि वे रिफंड की लाइन में सबसे आगे रह सकें। आम लोगों को इस फैसले से सीधे पैसे वापस मिलने की उम्मीद नहीं है। वजह यह है कि टैरिफ का बोझ कंपनियों ने बढ़ी कीमतों के रूप में ग्राहकों पर डाल दिया था और यह साबित करना मुश्किल होगा कि किसी ग्राहक ने कितना अतिरिक्त पैसा दिया। कई बड़ी कंपनियां जैसे कास्टको, रेव्लान और बम्बल बी फूड्स पहले ही रिफंड के लिए मुकदमे दायर कर चुकी हैं, ताकि फैसला उनके पक्ष में आने पर उन्हें जल्दी पैसा मिल सके। आगे और भी कानूनी लड़ाइयां होने की संभावना है, क्योंकि कुछ निर्माता यह भी दावा कर सकते हैं कि कच्चे माल की कीमत बढ़ाने वाले सप्लायरों से भी हिस्सा लिया जाए।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले राहुल गांधी, प्रधानमंत्री फिर करेंगे समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आयात शुल्क संबंधी फैसला पलटे जाने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह एक बार फिर अमेरिका के सामने समर्पण करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में श्री मोदी की स्थिति कमजोर हुई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री ने देशहित से समझौता



**■ कहा: अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में पीएम मोदी की स्थिति कमजोर हुई**

किया है। उनका विश्वासघात अब सबके सामने है। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी अब समझौते की शर्तों पर पुन: बातचीत नहीं कर सकते। वह एक बार फिर समर्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न देशों पर भारी आयात शुल्क लागू करने के श्री ट्रम्प के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह शक्ति सिर्फ अमेरिकी संसद के पास है। श्री गांधी की यह टिप्पणी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। कांग्रेस ने बार-बार इस समझौते के समय, पारदर्शिता और शर्तों को लेकर चिंता जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योतिष पीठ शंकराचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का कोर्ट का आदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की एडीजे रेप एवं पोक्सो स्पेशल कोर्ट ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। एडीजे (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।


### सीआरपीएफ का वाहन नहर में गिरने से सात जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से कम से कम सात जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ग्रामीण ऋण, सिचाई, विपणन और आधारभूत ढांचे में केंद्रित हस्तक्षेप की सिफारिश

# नाबार्ड रिपोर्ट में उप्र के विकास की असमान तस्वीर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कृषि पर निर्भरता, जोत के आकार और बैंकिग पहुंच में अंतर के कारण विकास की गति प्रभावित

**लखनऊ।** नाबार्ड की वर्ष 2026-27 के लिए जारी उत्तर प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में राज्य की सामाजिक-आर्थिक और वित्तीय विकास के मानकों पर गहरी क्षेत्रीय असमानताएं सामने आई हैं। जनसंख्या वितरण, कृषि पर निर्भरता, जोत के आकार और बैंकिग पहुंच में अंतर के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रफ्तार अलग-अलग सामने आई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि समावेशी कृषि और ग्रामीण विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां और संसाधनों का लक्षित आवंटन आवश्यक है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के कुछ हिस्सों में ऋण प्रवाह, वित्तीय मध्यस्थता और आधारभूत संरचना मजबूत है, जबकि अन्य क्षेत्र अभी भी कृषि पर अत्यधिक निर्भर हैं और वहां संस्थागत ढांचा व बैंकिग पहुंच कमजोर है। नाबार्ड ने ग्रामीण ऋण, सिचाई, विपणन और आधारभूत ढांचे में केंद्रित हस्तक्षेप की सिफारिश की है।

रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी क्षेत्र कृषि सेवा केंद्र, नर्सरी, पावर टिलर, मत्स्य सहकारी समितियों, भंडारण गोदाम और ग्रामीण बाजार ढांचे में अग्रणी है। पश्चिमी क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं, डिस्पेंसरी, रेलवे संपर्क और मंडी यार्ड के मामले में बेहतर स्थिति में है। इसके विपरीत बुंदेलखंड क्षेत्र स्वास्थ्य, कृषि और सहकारिता से जुड़े अधिकांश संकेतकों में सबसे निचले स्तर पर है, जिससे वहां विशेष विकास पैकेज की जरूरत बताई गई है। मध्य क्षेत्र कृषि इनपुट और मृदा परीक्षण में मध्यम स्थिति में है, लेकिन स्वास्थ्य और सहकारी संरचना को मजबूत करने की आवश्यकता है। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में जनसंख्या और क्षेत्रफल का बड़ा हिस्सा केंद्रित है, लेकिन वित्तीय और कृषि सूचकांक असमान विकास को दर्शाते हैं। बुंदेलखंड और पूर्वी यूपी में कृषि पर निर्भरता अधिक है, जहां छोटी और बिखरी जोतें उत्पादकता और आय क्षमता को सीमित करती हैं। पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में जमा, ऋण व क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात बेहतर है, जबकि पूर्वी यूपी और बुंदेलखंड में शाखा घनत्व कम, ऋण प्रवाह कमजोर और प्रति हेक्टेयर कृषि ऋण न्यूनतम है। बुंदेलखंड में बैंक शाखाओं की संख्या सबसे कम है। पूर्वी और बुंदेलखंड क्षेत्रों में ग्रामीण और बीपीएल आबादी का प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जाति की आबादी बुंदेलखंड और मध्य क्षेत्रों में अपेक्षाकृत ज्यादा पाई गई है।

#### पश्चिमी क्षेत्र में पक्के मकानों और बिजली की उपलब्धता सबसे अधिक

पश्चिमी क्षेत्र में पक्के मकानों और बिजली की उपलब्धता सबसे अधिक है, जबकि बुंदेलखंड दोनों मामलों में पीछे है। स्वतंत्र शौचालय की उपलब्धता मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक है, जबकि बुंदेलखंड और पूर्वी क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम है। गांवों का विद्युतीकरण लगभग सार्वभौमिक है, लेकिन गांव स्तर पर डाकघरों की उपलब्धता खासकर पूर्वी क्षेत्र में कम है। राज्य के सकल फसल क्षेत्र में पश्चिमी क्षेत्र की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत और पूर्वी क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत है। बुंदेलखंड और मध्य क्षेत्र की हिस्सेदारी 16.16 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र कम जनसंख्या हिस्सेदारी के बावजूद कृषि विकास और भूमि उपलब्धता के मामले में आगे है। बुंदेलखंड का जनसंख्या हिस्सा 4.85 प्रतिशत है।

# किसानों की समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्धः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने 460 करोड़ की सहायता राशि किसानों व जरूरतमंदों के बैंक खातों में हस्तांतरित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के किसानों और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत देते हुए कुल 460 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस राशि में फसल बीमा योजना के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल दिया जा रहा है, जबकि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के जरिए दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन की पहली कड़ी 'आपदा मित्र' हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को उत्तर प्रदेश ने प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश के 25 जिलों में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके एस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़े 29,772 युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इन युवाओं को आपदा प्रबंधन, राहत और बचाव कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए एक मजबूत और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित किया है, जिससे किसी भी प्राकृतिक या आकस्मिक आपदा के दौरान संगठित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार के इस कदम को किसानों और आपदा प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 फरवरी से सिंगापुर और जापान की महत्वपूर्ण विदेश यात्रा पर रवाना होंगे। यह दौरा प्रदेश के परिवहन ढांचे के आधुनिकीकरण, निवेश आकर्षित करने और अत्याधुनिक रेल तकनीकों के अध्ययन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के विकास मॉडल, शहरी नियोजन और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन करेंगे। विशेष रूप से जापान में वे हाई-स्पीड रेल और मैग्लेव तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे।

जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मैग्लेव ट्रेन की 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा में भाग लेंगे। यह ट्रेन चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर तैरते हुए चलती है और अत्यधिक गति से संचालित होती है। बताया जा रहा है कि परीक्षण के दौरान ट्रेन की 600 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार का प्रदर्शन किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीक के अध्ययन से उत्तर प्रदेश में भविष्य की उच्च गति रेल परियोजनाओं और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के विकास में मदद मिल सकती है।

# देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा प्रमुख ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को 'अति-अशोभनीय व निन्दनीय' करार देते हुए कहा कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और छवि को प्रभावित करता है।

अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित इस समिट में देश और विदेश के कई प्रमुख लोग आमंत्रित थे और यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे में कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा अर्धनग्न होकर विरोध प्रकट करना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह प्रदर्शन किया, उनमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का न होता तो बात अलग हो सकती थी, लेकिन वैश्विक मंच पर इस तरह की घटनाएं देश की इमेज को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सुश्री मायावती ने सभी राजनीतिक दलों और युवाओं से अपील की कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका तरीका मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए।

# भारत-अमेरिका व्यापार सौदे की घोषणा के पीछे हताशा: जयराम रमेश

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के समय पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि समझौते में देश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है। 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उन टिप्पणियों का हवाला दिया, जो उनकी आयात शुल्क नीति को रद्द करने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आई हैं।

कांग्रेस नेता के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनके 'परम मित्र' हैं, भारत-अमेरिका व्यापार सौदा घोषणा के अनुरूप जारी रहेगा और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 10 मई 2025 को भारतीय सामान पर आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति के गत दो फरवरी के उस बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें भारत-अमेरिका व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने की घोषणा की गई थी। उन्होंने ट्रम्प के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मित्रता और सम्मान के कारण तथा उनके अनुरोध पर, तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। कांग्रेस नेता ने इस घोषणा के समय पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय समयानुसार 2 फरवरी की रात को राष्ट्रपति ट्रम्प से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा करवाने के लिए किसने मजबूर किया? उस दोपहर लोकसभा में ऐसा क्या हुआ था, जिसने मोदी को इतना हताश कर दिया और ध्यान भटकाने के लिए ह्वाइट हाउस में अपने अच्छे दोस्त से संपर्क करने के लिए मजबूर किया? रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने राजनीतिक मजबूरी में काम किया। उन्होंने दावा किया कि यदि सरकार ने केवल 18 दिन और प्रतीक्षा की होती, तो भारतीय किसानों को उनकी पीड़ा और संकट से बचाया जा सकता था और भारतीय संप्रभुता की रक्षा की जा सकती थी। इस समझौते को हानिकारक बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हताशा और समर्पण के कारण देश को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के रूप में अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# लखनऊ में यूजीसी एक्ट के विरोध में उग्र प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को यूजीसी की नई नीतियों के विरोध में छात्रों और युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की हुई। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए जब प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर चढ़ गए और सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश करने लगे।

प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर कूच कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए हजरतगंज क्षेत्र में भारी बैरिकेडिंग की थी, लेकिन भीड़ पीछे हटने को तैयार नहीं थी। बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश में कई प्रदर्शनकारियों को हल्की चोटें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सांकेतिक रूप से कपड़े उतारकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बदलाव छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नीतियों से सवर्ण समाज का मोहभंग हो रहा है और यदि युवाओं की मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप ले सकता है।

प्रदर्शन के कारण हजरतगंज और आसपास के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर धरना स्थल से हटाया।

### क्रोएशिया के पीएम ने किया ताज का दीदार

**आगरा।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक शनिवार को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ताजमहल देखने आगरा पहुंचे। वे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दोपहर करीब एक बजे आगरा स्थित एक निजी होटल पहुंचे, जहां भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इसके बाद वे गोल्फ कार्ट के जरिए ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री प्लेनकोविक अपने परिवार के साथ करीब डेढ़ घंटे तक ताजमहल परिसर में रहे। इस दौरान गाइड ने उन्हें स्मारक के इतिहास और स्थापत्य से संबंधित जानकारी दी। परिवार ने स्मारक के सामने फोटो सेशन भी कराया। उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था।

# एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदर्शन का किया बचाव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसानों और डेटा सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाते हुए एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन का बचाव करते हुए उसे सही ठहराया है। सुश्री श्रीनेत ने एआई सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन का बचाव करते हुए शनिवार को कहा कि प्रदर्शनकारी साहसी हैं और उन्होंने किसानों, युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा के समर्थन में आवाज उठाकर किसानों के लिए नुकसानदायक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध कर निडर कदम उठाया है। गौरतलब है कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतमंडपम में घुसकर भारत अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया था। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के लगभग 10 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का यह भी कहना है कि इन युवाओं ने कथित तौर पर धोखा देकर भारत मंडपम में प्रवेश किया और मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की। कांग्रेस नेता ने इस विरोध प्रदर्शन को गलत बताने वालों को आड़े हाथ लिया। और कहा कि मुझे यह जानने की उत्सुकता है कि युवा कांग्रेस के युवाओं ने क्या गलत किया है। युवा कांग्रेस इस देश की आवाज है। युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन से कौन नाराज है। नाराजगी किस बात की है।

# बंगाल में विकास के आंकड़ों से दिया विपक्ष को जवाब

नई दिल्ली, वार्ता

■ तृणमूल के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुरू की राजनीतिक पहल 'मॉर्निंग वॉक'

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शनिवार को 'मॉर्निंग वॉक' नामक एक नई राजनीतिक जनसंपर्क पहल की शुरुआत की। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'चौथे कार्यकाल के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

अपने दावे के समर्थन में उन्होंने यहां एक बयान जारी करके प्रमुख आर्थिक आंकड़ों का हवाला दिया। श्रृंखला के पहले संस्करण 'मॉर्निंग वॉक- एक' की घोषणा करते हुए ओ ब्रायन ने कहा कि यह श्रृंखला पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन को बताने वाले डाटा और तर्क पेश करेगी। सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में हुई महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति का विवरण देते हुए ओ ब्रायन ने कहा कि ममता बनर्जी चौथे कार्यकाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पांच गुना बढ़कर 21.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य की कुल अर्थव्यवस्था तीन गुना से अधिक बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो गई है और निर्यात दोगुना होकर 12 अरब अमेरिकी डॉलर (1,088.76 अरब रुपये) तक पहुंच गया है। राज्यसभा सांसद ने इस श्रृंखला के हिस्से के रूप में एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो यह संकेत देता है कि इस अभियान में अगले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के पक्ष को मजबूत करने के लिए डिजिटल संपर्क और आर्थिक डेटा का इस्तेमाल किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक कल्याण योजनाओं के वितरण और औद्योगिक विकास की ओर बार-बार इशारा करते हुए यह तर्क दिया है कि राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल ने अपनी आर्थिक गति बनाए रखी है। राज्य का विकास पथ 2011 से सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में प्रशासनिक स्थिरता और लक्षित कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाता है। विपक्ष ने हालांकि राज्य सरकार के आर्थिक दावों पर सवाल उठाए हैं और कर्ज के स्तर, रोजगार सृजन तथा औद्योगिक निवेश को लेकर चिंताएं जताई हैं। प्रतिद्वंद्वी दलों का तर्क है कि विकास के ये मुख्य आंकड़े व्यवसायों और नौकरी चाहने वालों की चुनौतियों को पूरी तरह से नहीं दर्शाते हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### प्रयागराज में वसूली के आरोप में मेरठ के दो दरोगा गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र से मेरठ पुलिस ने वसूली के आरोप में अपने ही विभाग के दो दरोगाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले दो दिनों से प्रयागराज में छिपे हुए थे और पुराने मोबाइल नंबर बंद कर नए नंबर का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गए दरोगाओं की पहचान लोकेंद्र साहू और महेश कुमार के रूप में हुई है। उन पर मेरठ के टीपीनगर निवासी धागा कारोबारी रासिक को फर्जी मुठभेड़ (एनकाउंटर) में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार दोनों दरोगा दो दिन पहले प्रयागराज पहुंचे थे और एक अधिवक्ता के संपर्क में थे। पहले उन्हें हाईकोर्ट के पास मिलने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने वहां आने से इनकार कर धूमनगंज के कन्हईपुर मोहल्ले स्थित अधिवक्ता के मुंशी के घर मिलने का स्थान तय किया। इसी बीच मेरठ पुलिस को उनके नए मोबाइल नंबर की जानकारी मिल गई। सर्विलांस के जरिए नंबर की लोकेशन प्रयागराज में मिली। इसके बाद मेरठ पुलिस की एक टीम गुरुवार को ही प्रयागराज पहुंच गई और शुक्रवार शाम करीब छह बजे धूमनगंज में छापा मारकर दोनों को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। गिरफ्तारी के लिए स्थानीय धूमनगंज पुलिस की मदद नहीं ली गई। टीम ने केवल थाने में यह सूचना दी थी कि वह एक वांछित की तलाश में जा रही है। हिरासत में लेने के बाद मेरठ पुलिस दोनों को सीधे मेरठ लेकर रवाना हो गई।

### वाराणसी में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**वाराणसी।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को वाराणसी के जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला एवं महानगर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। भाजयुमो के जिला महामंत्री अमित पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ताओं ने देश की छवि खराब करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 'जिन्ना के मुन्ना' के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इससे पहले भी विदेशों में जाकर देश की छवि खराब करते रहे हैं। उन्हें इतनी समझ भी नहीं कि जहां दुनिया भर के देश समिट में एकत्रित हुए हैं और भारत ने सकारात्मक छवि प्रस्तुत की है, वहां राहुल गांधी के कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर भारत को बदनाम करने का प्रयास किया। नग्नता का प्रदर्शन कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है।

# कारपोरेट सामाजिक दायित्व को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने की जरूरत: राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह किया और हर व्यक्ति का आह्वान किया कि बदलाव का वह जो भी संकल्प ले उसे पूरा किया जाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय समाचारपत्र समूह की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित किया।

परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय को आवश्यक बताते हुए उन्होंने सबका सीएसआर को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह कर कहना चाहते हैं कि जब आप कोई संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा अवश्य करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो समाज और राष्ट्र सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं और देश के इस परिवर्तनकारी दौर में ऐसा सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश में संरचनात्मक सुधार, समावेशी विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना विकास के जरिए 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है और सभी क्षेत्रों और समुदायों में आकांक्षाओं को बढ़ाया है।

विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अब हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है। उन्होंने सीएसआर को उस क्षेत्र के रूप में वर्णित किया जहां उद्यम और सहानुभूति आपस में मिलते है, जहां वित्तीय विवरण मानवीय कहानियों से जुड़ते हैं और जहां विकास को एक उद्देश्य मिलता है। राधाकृष्णन ने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर जोर देते हुए कहा कि विकास व्यापक होना चाहिए, समृद्धि समावेशी होनी चाहिए और सतत विकास अनिवार्य है। सीएसआर सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करके, दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाकर, उद्योग- अनुकूल कौशल विकास को बढ़ावा देकर, महिला नेतृत्व वाले उद्यमों का समर्थन करके और नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन से निपटने की पहलों के माध्यम से हरित परिवर्तन को गति देकर एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है।

#### ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक

सीएसआर केवल कानून का पालन करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता है। ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक है और जब भारतीय कॉर्पोरेट जगत समुदायों, स्थिरता, युवाओं और नवाचार में निवेश करता है तो इससे सामाजिक पूंजी का निर्माण होता है जिससे दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने व्यापार सुगमता, डिजिटल शासन और जीएसटी जैसे नीतिगत सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि इन उपायों से व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता मजबूत हुई है। उनका कहना था कि सिर्फ नीतियों से ही किसी राष्ट्र का परिवर्तन नहीं हो सकताद्ध परिवर्तन तभी होता है जब सरकार, उद्योग और नागरिक समाज एक साथ मिलकर काम करते हैं, यही इस शिखर सम्मेलन का मूल भाव है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि शिखर सम्मेलन से राज्यों और क्षेत्रों में नई प्रतिबद्धताएं और अनुकरणीय मॉडल सामने आएंगे। उन्होंने कॉर्पोरेट दिग्गजों से आग्रह किया कि वे साहसिक रूप से सोचें, रणनीतिक रूप से निवेश करें, प्रभाव का कड़ाई से आकलन करें और सीएसआर को व्यय के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण पूंजी के रूप में देखें।

# मुख्यमंत्री ने लांच किया 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल'

■ यह पोर्टल एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में कई अहम आईटी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप, कॉमन सर्विस सेंटर डिजिटल सेवा पोर्टल के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं और ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन एडमिशन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरुआत की।

इस मौके पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। इन परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तकनीक के माध्यम से सरकार और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर रहे हैं। आज लॉन्च किए गए पोर्टल और ऐप्स केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं हैं, बल्कि 'सुशासन' और 'सबका साथ, सबका विकास' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल व ऐप' की विस्तार से जानक. ारी देते हुए बताया कि यह पोर्टल एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा। इसी एक मंच पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार के सभी विभागों से जुड़ी शिकायतें दर्ज की जा सकेंगी। इसकी कार्यप्रणाली को बेहद सरल रखा गया है ताकि आम नागरिक बिना किसी तकनीकी परेशानी के अपनी बात कह सके। सिस्टम के भीतर शिकायतों, क्षेत्रों और विभागीय अधिकारियों की मैपिंग पहले से ही कर दी गई है। इसकी विशेषता बताते हुए कहा कि शिकायत दर्ज करने के लिए नागरिकों को चार माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल ऐप, कॉल सेंटर (1902) और मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से ऑफलाइन व्यवस्था। शिकायतों के निवारण के लिए तीन स्तरीय प्रणाली लागू की गई है, जिसमें जन शिकायत समाधान अधिकारी (जेएसएसए), अपीलीय प्राधिकार (एए) और अंतिम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिकायत के लिए एक यूनिक रेफरेंस आईडी जारी की जाएगी और प्रक्रिया के हर चरण पर एसएमएस के माध्यम से अपडेट दिया जाएगा। नागरिकों को रिमाइंडर भेजने और पूर्व में की गई शिकायतों को नई शिकायत से लिंक करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अगर समाधान से संबंधित फीडबैक नकारात्मक मिलता है तो मामला खुद ही उच्च स्तर पर एस्केलेट हो जाएगा। पूरी व्यवस्था 100 प्रतिशत फीडबैक आधारित मॉनिटरिंग पर आधारित होगी, जिससे फील्ड स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी।उन्होंने कहा कि सरकार ने फिजिकल जनसुनवाई को भी जारी रखा है। मुख्यमंत्री से लेकर जिला स्तर तक सभी अधिकारियों को जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब नागरिक कहीं से भी अपनी समस्या दर्ज कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिक्षा में पारदर्शिता और समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित समूह (डीजी), विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी के दाखिलों के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

## नन्द नगरी में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नन्द नगरी में बेटे की लड़ाई में बीच-बचाव कर रहे पिता की गोली मारकर हत्या की गयी थी, जिसमे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल और तीन जिन्दा कारतूस बरामद किए है स आरोपी की पहचान सुनील उर्फ नरेंद्र (34) के रूप में हुई है स आरोपी आपराधिक प्रवृति का है जिसपर करीब 8 आपराधिक मामले दर्ज है। बीते मंगलवार को मृतक उमरदीन का बेटा कैफ ट्यूशन से वापस घर आ रहा था, तब उसका सी-3, नन्द नगरी बड़े स्कूल के पास किसी से झगड़ा हो गया था जिसके बाद कैफ ने फोन करके अपने पिता उमरदीन को मामले की जानकारी दी, जब उमरदीन मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव कर रहे थे तभी आरोपी ने उनके सीने में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया था। थाना प्रभारी आनद यादव के नेतृत्व में एएसआई प्रमोद, हेड कॉस्टेबल दीपक, विपिन, रोहित, कॉस्टेबल जितेंद्र और विमल की टीम बनाई, टीम ने साक्ष्य जुटाकर आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# पोर्टल डुप्लीकेसी व अनियमितता रोकेगा: मंत्री आशीष सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार का पहला वर्ष पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन स्थापित करने के लिए समर्पित रहा है। समय-समय पर व्यवस्था को लेकर उठने वाले विभिन्न प्रश्नों और आरोप-प्रत्यारोपों के बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने एनआईसी के सहयोग से ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के बच्चों के लिए एक नया डिजिटल पोर्टल तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के संबंधित विभाग के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में विकसित यह पोर्टल डुप्लीकेसी और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने, बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। श्री सूद ने बताया कि सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों की फीस, वर्दी आदि के लिए विद्यालयों को प्रदान करती है। यह जनता के कर का धन है और सरकार की प्राथमिकता है कि यह राशि सही पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के 'सैचुरेशन' के मंत्र के अनुरूप हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचाने के लिए डुप्लीकेशन समाप्त करना और कमियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर दिल्ली के आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर राजधानी विकास और डिजिटल सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और मोबाइल ऐप से नागरिक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर उसकी स्थिति ट्रैक कर सकेंगे। साथ ही, साइबर क्राइसिस मैनेजमेंट प्लान लागू कर सरकारी वेबसाइटों और डेटा की सुरक्षा मजबूत की गई है। 200 से अधिक विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली से काम पेपरलेस हो रहा है और सभी सरक. ारी वेबसाइटें एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाई गई हैं। जल्द ही व्हाट्सऐप आधारित सेवा भी शुरू की जाएगी, जिससे नागरिक चौट के माध्यम से जानक. ारी और सेवाएँ प्राप्त कर सकेंगे।

# इंटर-स्टेट मैट्रिमोनियल फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस के संसद मार्ग थाने की टीम ने इंटर-स्टेट मैट्रिमोनियल फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से लाखों के सोने के गहने, 64,000 रुपये कैश, दो मोबाइल फोन और जुर्म में इस्तेमाल की गई कार बरामद की है।

दिल्ली के नई दिल्ली जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि 17.फरवरी को, पानीपत, की रहने वाली एक 35 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि वह वैवाहिक पोर्टल पर अभिनव सिंह (31) नाम के एक व्यक्ति से मिली थी। आरोपी ने उसे एक धार्मिक स्थान पर मिलने का लालच दिया, जहां उसने उसे सुरक्षित रखने की आड़ में अपने सोने के कंगन और चेन सौंपने के लिए राजी किया।

एक बार जब उसने उसका विश्वास जीत लिया, तो वह उसके सोने के आभूषण, दो मोबाइल फोन और दस्तावेजों वाला बैग लेकर भाग गया। इसके बाद संसद मार्ग थाने में मामला दर्ज कर एसीपी संसद मार्ग विशेष धत्तरवाल की देखरेख में एसएचओ संसद मार्ग मनोज भाटिया के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज जांच ,लोकल इंटेलिजेंस और हाई-टेक ट्रैकिंग सिस्टम के आधार पर छापा मारकर आरोपी अभिनव सिंह और करण शर्मा (26) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान अभिनव सिंह ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए कई शहरों में तलाकशुदा महिलाओं को टारगेट करने की बात कबूल की। घ्र्उसने शादी के बहाने उनका भरोसा जीतने के लिए अपने चार्म और मनाने की स्किल का इस्तेमाल किया। इस दौरान आरोपी अभिनव सिंह ने अपने कैब ड्राइवर साथी, करण शर्मा, के साथ मिलकर साजिश रची। करण ने नकली नंबर प्लेट लगी एक गाड़ी दी ताकि यह लगे कि वह एक अमीर बिजनेसमैन है और जुर्म करने के बाद वे आसानी से भाग सकें।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सचिवालय में कई अहम आईटी परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए।

## एक नजर

### उन्नति फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को एएए रेटिंग मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने घोषणा की है कि उसके फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को केयर रेटिंग्स द्वारा केयर एएए; स्टेबल रेटिंग दी गई है। यह कंपनी के सशक्त क्रेडिट प्रोफाइल, वित्तीय मजबूती और समय पर दायित्वों के भुगतान में उच्च स्तर की सुरक्षा को दर्शाता है। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवणकर ने कहा, ये रेटिंग पुष्टि हमारी वित्तीय मजबूती और हमारे डिपॉजिट के निवेशकों के साथ वर्षों से बने भरोसे का प्रमाण हैं।

### अंजलि मित्तल की सोलो कला पर्दर्शनी ब्रेकिंग बैरियर्स 25 से



**नई दिल्ली।** ब्रेकिंग बैरियर्स ख्र कलाकार अंजलि मित्तल की सोलो कला पर्दर्शनी का आयोजन 25 से 28 फरवरी 2026 तक कन्वेंशन फोयर, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में किया जा रहा है . कलाकार अंजलि मित्तल ने बताया, "मैं वह पेंट नहीं करती जो मैं देखती हूँ; मैं वह पेंट करती हूँ जो मैं महसूस करती हूँ।" हर कैनवस प्रकृति की तरह सहजता, भावनाओं और सहज ज्ञान के साथ समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होती है। रूप से विकसित होता है, रियलिज्म और एब्स्ट्रैक्शन के बीच आजादी से घूमता है, एक्सप्रेसिव ब्रशस्ट्रोक और रंग के जरिए अंदरूनी रिदम बनाए रखता है। प्रकृति से प्रेरितख्रसमुद्र, फूल, बादल और पहाड़ख्रजिसे ज़्यादातर नीले रंग के शेड्स के जरिए दिखाया गया है। ब्रेकिंग बैरियर्स पर्दर्शनी दर्शकों को कला के नजारे में कदम रखने और उसके कैनवस के जरिए सामने आ रही कहानियों को महसूस करने के लिए बुलाती है।

### होली उत्सव का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा हॉस्टल में होली का त्योहार बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। कैंपस के कई छात्र एक साथ इकट्ठा हुए और रंगों, संगीत और नृत्य के साथ इस त्योहार का आनंद लिया। करीब 3000 से अधिक छात्र हॉस्टल के आंगन में जमा हुए। सभी ने मिलकर डांस किया, संगीत का आनंद लिया और कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया। हॉस्टल के चेयरपर्सन कुनवर गौरव गिरी ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें छात्रों को एक बड़े परिवार की तरह साथ में त्योहार मनाते देखकर बहुत अच्छा लगा। इस आयोजन में स्वादिष्ट भोजन, मजेदार खेल और बिना अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई थी, ताकि सभी छात्र मिलकर खुशी से त्योहार मना सकें। सुरक्षा और हाउसकीपिंग की पूरी व्यवस्था की गई थी ताकि सभी की सुरक्षा और सुविधा बनी रहे।

### 'युगांतर' 26 का एसआरसीसी में औपचारिक समापन



**नई दिल्ली।** श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली में आयोजित पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ग्लोबल बिजनेस ऑपरेशंस के वार्षिक प्रबंधन सम्मेलन 'युगांतर 26' का दूसरे और अंतिम दिन समापन हुआ। समापन सत्र में उद्योग नेतृत्व, उद्यमशीलता की दृढ़ता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित परिवर्तन के नीतिगत आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### दिल्ली पुलिस ने लाल किले पर कवि सम्मेलन 'काव्यांजलि' का किया आयोजन

**नई दिल्ली।**16 से 22 फरवरी तक मनाए जा रहे दिल्ली पुलिस वीक सेलिब्रेशन के हिस्से के तौर पर दिल्ली पुलिस ने लाल किले के फोरकोर्ट में "काव्यांजलि" नाम का एक कवि सम्मेलन आयोजित किया। इस कल्चरल इवेंट का मकसद कम्युनिटी आउटरीच को मजबूत करना और एकता, सबको साथ लेकर चलने और सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। इस मौके पर दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे।इस अवसर पर , दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने जाने-माने कवियों का उनके शामिल होने और इवेंट को यादगार बनाने के लिए शुक्रिया अदा किया।

## मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं सीधे दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के समक्ष रखीं। इस मौके पर कार्यालय मंत्री बृजेश राय उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे बिना किसी मध्यस्थ के अपनी शिकायतें सीधे सरकार तक पहुंचा सकें और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। कपिल मिश्रा ने 38 शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की।

# घोंडा विधानसभा में अटल केंटीन की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर शुरू की गई अटल कैंटीन योजना का आज घोंडा विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य जन-जन को किफायती दर पर सम्मानपूर्वक और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।



21 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, सरदार आर. पी. सिंह तथा विधायक अजय महावर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि अटल जी के आदर्शों पर चलते हुए यह पहल गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. यू. के. चौधरी, पार्षद प्रीति गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पार्षद प्रीति गुप्ता ने कहा इस केंटीन के शुरू होने से जरूरतमंद लोगो को मात्र 5 रूपये में खाना मिल सकेगा, इस पहल की वजह से अब इस क्षेत्र में कोई गरीब भूखा नहीं सोएगा, सरकार का अटल केंटीन खोले का मकसद यही है कि सभी को भरपेट खाना मिल सके स कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों ने भाग लिया और इस जनकल्याणकारी योजना का स्वागत किया। पहला अटल कैंटीन 4.5 पुस्ता, सर्विस रोड पर प्रात 10 बजे शुरू किया गया, जबकि दूसरा कैंटीन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सामने, सी-4, यमुना विहार में स्थापित किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र में कामकाजी मजदूरों, रिक्शा चालकों, विद्यार्थियों और जरूरतमंद परिवारों को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा।

# कुतुबगढ़, पुठ खुर्द व मुंगेशपुर को मिली विकास कार्यों की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मजबूत आधारभूत ढांचा ही सशक्त ग्रामीण समाज की पहचान है। इसी संकल्प के साथ समाज कल्याण मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कुतुबगढ़ और मुंगेशपुर गांवों सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

कुतुबगढ़ गांव में दिल्ली ग्राम विकास फण्ड के अंतर्गत शमशान घाट रोड एवं नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही नए फिरनी रोड एवं नालियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन तथा पुराने फिरनी रोड एवं नालियों के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इसके अतिरिक्त पुठ खुर्द में गंगा टोली रोड एवं नालों के विकास कार्यों का भी उद्घाटन किया गया। वहीं, मुंगेशपुर गांव में दिल्ली ग्राम विकास फण्ड द्वारा नहर वाले रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिससे क्षेत्र में सड़क, पानी, स्वास्थ्य और रोजगार को नई रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कभी फण्ड की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ये शिलान्यास केवल ईंट और पत्थर का प्रतीक नहीं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के विश्वास, सुविधाओं और बेहतर जीवन की मजबूत नींव हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का विजन केवल बड़े प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास को गली, मोहल्ले और गांव स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है।




चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र भाग लेकर पेंटिंग के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर संदेश इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यक्रमें सतीश गोलछा भी मौजूद थे।

# नशे के खिलाफ पुलिस आयुक्त गोलछा ने छात्रों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस वीक के दौरान पूर्वी दिल्ली के कैलाश नगर स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में पुलिस और अधिकार मंच के सहयोग से 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने छात्रों और उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई कि हमेशा नशे से दूर रहें और नशीले पदार्थों का बहिष्कार करेंगे। सीपी ने कहा, नशे के खिलाफ आज हमने जो शपथ ली है, उसे जिंदगी भर याद रखनी है। जब तक आप हमसे नहीं जुड़ेंगे, समाज की बुराइयों को उस तरीके से दूर नहीं किया जा सकता जैसा होना चाहिए। उन्होंने लोगों से दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

इस मौके पर स्थानीय विधायक एवं यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली, ज्वाइंट सीपी ईस्टर्न रेंज राजीव रंजन सिंह, डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत गौतम, मंच के अध्यक्ष , स्कूल प्रधानाचार्य निरंजन कुमार, शिक्षक, अभिभावक एवं स्कूल के पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर पेंटिंग के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रभावशाली संदेश दिए। वहीं, मंच पर प्रस्तुत नाटक के जरिए भी नशे के खिलाफ सशक्त जागरूकता संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुलिस आयुक्त ने नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, जबकि डीसीपी प्रशांत गौतम ने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर मंच के माध्यम से कैलाश नगर सर्वोदय विद्यालय के 20 प्रतिभाशाली छात्रों को विधायक अरविंदर सिंह लवली के संरक्षण में हवाई जहाज से लखनऊ ले जाने की घोषणा की गई। पुलिस आयुक्त और विधायक ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्वाइंट सीपी राजीव रंजन ने कहा कि मंच के माध्यम से बेहद सराहनीय पहल है।

## एलजी ने एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का ऑफिशियल लोगो लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पराज्यपाल, विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), दिल्ली पुलिस का ऑफिशियल लोगो, वेबसाइट और न्यूजलेटर ऑफिशियली लॉन्च किया। यह दिल्ली के कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में दिल्ली पुलिस एग्जीबिशन हॉल के उद्घाटन के दौरान हुआ।



इस मौके पर पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा, विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव और दिल्ली पुलिस के दूसरे सीनियर ऑफिसर और स्टाफ और जाने-माने पब्लिक पर्सनैलिटी मौजूद थे।नया लॉन्च किया गया एएनटीएफ लोगो नारकोटिक्स के खतरे से लड़ने में दिल्ली पुलिस की सतर्कता, ईमानदारी और पक्के इरादे का प्रतीक है। इस दौरान ऑफिशियल वेबसाइट, को ट्रांसपेरेंसी, पब्लिक आउटरीच और सिटिजन एंगेजमेंट बढ़ाने के लिए एक डेडिकेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के तौर पर लॉन्च किया गया है। यह नार्को ऑफेंस और क्रिमिनल्स पर डेटा को आसानी से शेयर करना भी पक्का करेगा ताकि नार्को ऑफेंडर्स को बेहतर तरीके से ट्रैक और डिटेक्ट किया जा सके। यह पोर्टल एएनटीएफ इनिशिएटिव्स, अवेयरनेस कैंपेन, रिहैबिलिटेशन सेंटर्स, लीगल प्रोविजन्स, अचीवमेंट्स और पब्लिक कोऑपरेशन और रिपोर्टिंग के तरीकों के बारे में पूरी जानकारी देगा।इस मौके पर एएनटीएफ न्यूजलेटर भी लॉन्च किया गया। यह एक इंस्टीट्यूशनल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा जो ऑपरेशनल सक्सेस, अवेयरनेस ड्राइव्स, पॉलिसी अपडेट्स और ड्रग ट्रैफिकिंग के खिलाफ लड़ाई में हासिल किए गए खास माइलस्टोन्स को हाईलाइट करेगा

# कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली। नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में कांग्रेस द्वारा किए प्रदर्शन के विरोध में कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी।



इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदर्शन में सम्मिलित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पहले भारत माता की जय एवं वंदेमातरम का उदघोष करवाया और कांग्रेस द्वारा कल ए. आई. समिट में प्रदर्शन करने की निंदा की।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ए.आई. समिट भाजपा का नहीं भारत राष्ट्र का कार्यक्रम था और एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण मंच पर, जहां भारत अपनी नवाचार क्षमता, स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल क्रांति का प्रदर्शन कर रहा था, वहां इस प्रकार का प्रदर्शन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है।सचदेवा ने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की तकनीकी प्रगति और डिजिटल नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस द्वारा इस प्रकार का हंगामा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मनोज तिवारी'ने प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार की कल घटना घटी है वह समान्य घटना नहीं है हालांकि जबतक पुलिस उन कांग्रेस के गुंडो को पकड़ती उससे पहले ही वहां उपस्थित जनता ने ही उन्हें सबक सिखा दिया लेकिन ए.आई. समिट में कांग्रेस ने यह सिर्फ विरोध नहीं किया है बल्कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी का फ्रस्ट्रेशन दर्शाया है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### भारत की प्रतिष्ठा से समझौता नहीं

# भाजपा युवा मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

युवा मोर्चा का मत है कि इस प्रकार की घटनाएं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हैं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत मंडपम में कांग्रेस पार्टी के युवा विंग द्वारा किए गए कृत्य को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं राष्ट्र की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला बताया है। युवा मोर्चा का मत है कि इस प्रकार की घटनाएँ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हैं, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के अध्यक्षता में तथा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजनगर स्थित आरडीसी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस सांसद Rahul Gandhi का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

साथ ही, भारत की महाम. हिम राष्ट्रपति Droupadi Murmu के नाम एक ज्ञापन ज़िला अधिकारी के माध्यम से सौंपा गया, जिसमें इस विषय पर उचित कार्रवाई की मांग की गई।भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने स्पष्ट किया कि पार्टी राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी और राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

इस दौरान प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, राम त्यागी, मोनू त्यागी, आशुतोष शर्मा, महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, नितिन शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, पुष्पेंद्र गुप्ता, आशु गुर्जर, विवेक अनगर, ओम राजपूत, अरुण भड़ाना, एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## राणा प्रताप हा. सै स्कूल में खसरा-रूबेला टीकाकरण केम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल, लोहिया नगर गाजियाबाद में खसरा-रूबेला केम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया की उपस्थिति में किया गया। चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही गम्भीर वायरल रोग है जो बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते है। समय पर टीकाकरण से इन बीमारियों से बचाव सम्भव है। इस अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों को खसरा-रूबेला का टीका लगाया गया। विद्यार्थियों में टीकाकरण से पूर्व अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा टीके की सुरक्षा और महत्व के बारे में जानकारी दी गई स्वस्थ्य कर्मियों की टीम ने पूरी सावधानी और स्वच्छता के साथ टीकाकरण प्रक्रिया पूरी की। बच्चों में टीकाकरण को लेकर उत्साह देखा गया तथा अभिभावकों ने भी अभियान का सहयोग किया। यह कैम्प प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक चला जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने टीकाकरण करवाया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का पूरा योगदान रहा।



## गन्ने की पैदावार बढ़ाने के गुर सिखाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गन्ना प्रजाति 0238 में रेड रॉट बीमारी के कारण गन्ना उत्पादन में तेजी से गिरावट आई, जिसमें चीनी मिलों को आर्थिक क्षति और किसानों को भारी नुकसान हुआ। इसी से किसान और मिल को उभारने हेतु उत्तम मिल बरकतपुर ने गन्ने की एक आंख से पौध तैयार करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया। इसके साथ ही रोगग्रस्त प्रजाति 0238 बुलवाई कदापि न करे।

गन्ने की अधिक पैदावार लेने के लिए मिल मालिक पुत्र जय अदलखा द्वारा चीनी मिल फार्म पर सबसायलर एवं एमबी प्लाऊ चलाकर खेत तैयार करने और गहरी जुताई जानकारी किसानों के साथ साझा की। इन्होंने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से गन्ने को बीमारी से बचाव और पैदावार बढ़ोतरी के लिए भूमि उपचार, बीज उपचार के साथ सहफसली और हरि खाद, फसल उगाने, गहरी जुताई करने व ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने की सलाह दी। इस मौके पर अधिशासी निदेशक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि सभी कीटनाशक एवं खाद मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका लाभ किसान भाई उठा सकते हैं। जिसके साथ ही मिल संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने गन्ने की फसल में सल्फर व माइक्रो न्यूट्रिएंट के प्रयोग का आह्वान करते हुए मिल द्वारा 12 फरवरी तक का गन्ना भुगतान किए जाने की जानकारी दी। इसके साथ ही संयुक्त अध्यक्ष ने किसानों से आह्वान किया कि रोगग्रस्त प्रजाति 0238 की बुवाई बिल्कुल नहीं करे, रोगग्रस्त प्रजाति 0238 से किसानों और मिल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस मौके पर गन्ना सलाहकार डॉ. डीबी फोनडे, नम्रता पांडे, कुलदीप सिंह, चांद वीर सिह, शेर सिंह, डालचंद, प्रशांत चौधरी, युधिष्ठिर, अमरपाल सिंह, कुलबीर सिंह आदि मिल पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।



## आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 10वां बिजनेस समिट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में बिजनेस रीमेजिन्ड: लीडिंग विथ पर्पस, पावर्ड बाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर 10वाँ बिजनेस समिट 2026 का सफल आयोजन 21 फरवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से किया गया। जिसका मुख्य केंद्र बिंदु था कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व्यवसायों को परिवर्तित कर रहा है, साथ ही नैतिक नेतृत्व और उद्देश्य- आधारित रणनीतियों को बनाए रख रहा है।

समिट के चैनल पार्टनर बिजनेस स्टैंडर्ड थे, जो भारत का प्रमुख व्यवसायिक दैनिक समाचार पत्र है। 10वें बिजनेस समिट 2026 की औपचारिक शुरुआत उद्घाटन सत्र से शुरू की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुमार विनीत विशेष सचिव, युवा कल्याण एवं खेल विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, यशोवर्धन झा आजाद सेवानिवृत्त आई पी एस, पूर्व विशेष निदेशक आई वी, पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त, मिस मनीषा गर्ग, पार्टनर एवं हेड मैनेज्ड सर्विसेज, के एम पी जी इंडिया, आई. टी. एस. द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, निदेशक डॉ अजय कुमार एवं चेयर पर्सन एक्रीडेशन - रिसर्च डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। अर्पित चड्ढा ने अपने संबोधन कहा कि वास्तविक शिक्षा अनुभव और संवाद से आती है। कुमार विनीत ने तकनीकी परिवर्तन की तुलना वाईटूके काल से करते हुए कहा कि तकनीक बदलती है, पर मानव की भूमिका समाप्त नहीं होती। एआई मानव क्षमताओं को बढ़ाता है, प्रतिस्थापित नहीं करता।

दूरदर्शिता, नैतिकता और सहयोग आधुनिक प्रबंधन की आधारशिला हैं। आत्मविश्वास, संचार कौशल और सांस्कृतिक गौरव नेतृत्व के लिए अनिवार्य हैं। यशोवर्धन झा आजाद ने अपने व्यक्तव्य में राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और शासन में महत्व को रेखांकित किया तथा एआई विकास के लिए पैमाना, विश्वसनीयता और संप्रभुता पर बल दिया और बताया कि भारत को चिप्स और डेटा अवसंरचना में आत्मनिर्भर बनना होगा।



## एचएलएम कॉलेज बना जिला स्तरीय अम्पायर स्कोरर कार्यशाला का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के लिए गर्व की बात है कि प्रतिष्ठित गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने महत्वपूर्ण जिला स्तरीय अम्पायर एवं स्कोरर कार्यशाला सह परीक्षा कार्यक्रम के आयोजन हेतु अपने विश्वास और भरोसे के साथ एचएलएम कॉलेज को इस जिम्मेदारी की मेजबानी प्रदान की। तीन दिवसीय यह वर्कशॉप 20 से 22 फरवरी तक चलेगी। क्रिकेट एसोसिएशन ने जिले के खेल प्रशिक्षकों को उच्चस्तरीय तकनीकी कार्यशाला के लिए एचएलएम कॉलेज को आधिकारिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चुना जाना अपने आप में एचएलएम संस्थान की विश्वसनीयता और खेल-अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमाण है। इस कार्यशाला के अवसर पर सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने विशेष रूप से गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन और राकेश मिश्रा जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की राकेश मिश्रा जी का यह भरोसा हमारे लिए सम्मान की बात है। हम भविष्य में भी गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के साथ मिलकर गाजियाबाद क्रिकेट के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।"

कार्यशाला के शुभारंभ पर राकेश मिश्रा जी , (वाइस प्रेसिडेंट यू पी सी ए) उमेश चोपड़ा (चौयरमेन जीसीए ), मनोज मकर (सेक्रेटरी जीसीए), धीरेन्द्र चौधरी (कोषाध्यक्ष जीसीए), ए पी सिंह जी (बी सी सी आई स्कोरर), अनुराग राठौर (बीसीसी आई अंपायर), मोहद शहीद सैफी (चौयरमेन अंपायर स्कोरर्स समिति) कॉलेज के डायरेक्टर अनुज अग्रवाल इवन सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा एवं कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह पंवार, डॉ अनिल कुमार बाजपेयी व डॉ राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल ने जी सी ए के सभी पदाधिकारीयो का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग बहुत सशक्त है मुझे उम्मीद है की आगे भी एचएलएम कॉलेज जीसीए के साथ अपनी ऐसे आयोजन को सफलता पूर्वक करता रहेगा गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद जिले का क्रिकेट खेल स्तर और बेहतर बनाया जा सके इसके लिए सदैव तत्पर रहता है।



## चार माह बाद सड़क चौड़ीकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। करीब चार महीने से अटकी 28 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण योजना पर आखिरकार काम शुरू हो गया है। दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक प्रस्तावित सड़क के चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से वन विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच अनुमति संबंधी विवाद बना हुआ था, जिसके चलते परियोजना ठप पड़ी थी।

जानकारी के अनुसार सड़क के दायरे में आने वाले लगभग 35 पेड़ों को काटने की अनुमति केंद्र सरकार स्तर पर लंबित थी। वन विभाग ने पहले कार्य शुरू होते ही आपत्ति दर्ज कराई थी, जिससे निर्माण कार्य रोक दिया गया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी और वन विभाग के अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हुई। मगर कोई नतीजा नहीं निकल सका। करीब डेढ़ माह पूर्व दोनों विभागों के बीच सहमति बनी कि जिन स्थानों पर पेड़ बाधक हैं, वहां फिलहाल कार्य नहीं किया जाएगा, जबकि शेष हिस्सों में सड़क चौड़ीकरण का काम आगे बढ़ाया जाएगा।

स्थानीय विधायक अशोक राणा के हस्तक्षेप के बाद मामला आगे बढ़ा और विभागीय स्तर पर समाधान निकल सका। इसके परिणामस्वरूप अब सड़क निर्माण का कार्य दोबारा शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए पेड़ों वाले हिस्सों को छोड़ा जाएगा और जहां संभव होगा, वहां वैकल्पिक रूप से पौधारोपण भी किया जाएगा।

इस मार्ग पर बीते चार महीनों के दौरान कई छोटे-बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं। संकरी सड़क और भारी वाहनों की आवाजाही के चलते लोगों को आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण शुरू होने से आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। हालांकि लोगों में यह सवाल भी उठ रहा है कि धामपुर-नहटौर मार्ग, जो लंबे समय से खराब स्थिति में है और जहां भी हादसे होते रहते हैं, उसका सुधार कार्य कब शुरू होगा।

## 205 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**नहटौर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को नहटौर स्थित संगम सरोवर बैंकट हॉल में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लिए कुल 234 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 205 जोड़े कार्यक्रम में उपस्थित हुए। 190 हिन्दू व 15 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके संबंधित धर्म और रीति-रिवाजों के अनुसार पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया गया। हिंदू जोड़ों ने अग्नि के समक्ष फेरे लेकर सात जन्मों के साथ का संकल्प लिया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह उलेमाओं द्वारा सुन्नत के अनुसार पढ़ाया गया। प्रशासन द्वारा नवविवाहित जोड़ों के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि और घरेलू सामान के किट भी जोड़ों को भेंट किए गए। संगम सरोवर बैंकट हॉल में मेहमानों के लिए जलपान और बैठने की समुचित व्यवस्था रही।

## आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एलुमनी टॉक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरादनगर में एलुमनी टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आई0 टी0 एस-दी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0 पी0 चढ्डा, वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्डा, संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0 सदीश कुमार एवं अतिथिगण जयन्त भगत, फाउंडर - सीईओ, मेडेक्युल फाउंडर, जिरो टू वन ट्रस्टी मंजू संवर्धन फाउंडेशन एवं पूर्व छात्र हर्ष गोस्वामी, शिक्षाविद, यंग साइंटिस्ट अवार्डी, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ने सरस्वती मॉ के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया।

कार्यक्रम में आये मुख्यतिथि जयन्त भगत, फाउंडर- सीईओ, मेडेक्युल फाउंडर, जीरो टू वन ट्रस्टी मंजू संवर्धन फाउंडेशन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्टार्टअप संस्कृति एवं उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने तथा नवाचार आधारित पहल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने करियर, उच्च शिक्षा, एआई कौशल एवं स्टार्टअप से संबंधित प्रश्न पूछे और अपने - अपने विचारों एवं समस्याओं को एलुमनाई महोदय के साथ साझा किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए माननीय मुख्य वक्ता संस्थान के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र हर्ष गोस्वामी, शिक्षाविद, यंग साइंटिस्ट अवार्डी, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ने विद्यार्थियों को फार्मा क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने उद्योग एवं अकादमिक क्षेत्रों में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर, नवीन तकनीकों, मेट्रोविजिलेंस, तथा उद्योग में प्रमुख जिम्मेदारियों और आवश्यक योग्यताओं के बारे में विस्तार से बताया।

श्री गोस्वामी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक कौशल, संचार क्षमता तथा उद्योग की समझ अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे इंटर्नशिप, प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपने कौशल को विकसित करें, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ0 आरपी चढ्डा, चेयरमैन, आईटीएस- दी एजुकेशन ग्रुप ने आदरणीय अतिथिगण, शिक्षकगण व उपस्थित विद्यार्थियों का एलुमनी टॉक के शुभ अवसर पर हृदय से स्वागत किया एवं छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अर्पित चढ्डा, वाईस चेयरमैन, आईटीएस- दी एजूकेशन ग्रुप ने कहा कि हमारा महाविद्यालय केवल शिक्षा का केन्द्र ही नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने की एक प्रेरणादायक यात्रा हैं।



## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( जूनियर डिवीजन )**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्रीमती शिवानी**
**पी. सी.एस.-जे**
**( सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 )**
**मूल वाद सं0- 673 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर रजि0 सं0-805 सन् 2025 )**
**राजीव त्यागी**
**बनाम**
**गौरव त्यागी**

राजीव त्यागी आयु 49 वर्ष पुत्र श्री स्व० मूल निवासी ग्राम मीरपुर हिन्दू परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद हाल निवासी एम-801 एलीयन ग्रुप सोसाईटी ट्रोनिका सिटी लोनी जिला गाजियाबाद।

...वादी

**बनाम**

1. श्री गौरव त्यागी पुत्र श्री भगवत सिंह त्यागी मूल निवासी ग्राम मीरपुर हिन्दू परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद हाल निवासी प्लाट नम्बर 147 खसरा नम्बर 755 न्यू फ्रेण्ड्स कालोनी-2 संजय नगर गाजियाबाद । 2. श्री विनीत त्यागी पुत्र श्री भगवत सिंह त्यागी मूल निवासी ग्राम मीरपुर हिन्दू परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद हाल निवासी मकान नम्बर 96 नजदीक पंजाब नैशनल बैंक छपरौला जिला गौतमबुद्धनगर। 3. श्रीमति ममता त्यागी पत्नी विनीत त्यागी मूल निवासी ग्राम मीरपुर हिन्दू परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद हाल निवासी मकान नम्बर 96 नजदीक पंजाब नैशनल बैंक छपरौला जिला गौतमबुद्धनगर ।

...प्रतिवादी

राजीव त्यागी ने गौरव त्यागी आपके विरुद्ध उक्त वाद संस्थित किया है, निरस्तीकरण व्यादेश के लिए आवे. दन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 13.03.2026 को दिन में 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/ आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 13.02.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( जू0 डि0 ), गाजियाबाद।**

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एआई एवं एमएल पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** SDGI Global University के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा एआई एवं एमएल विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस के अंतिम वर्ष के यूजी एवं पीजी कार्यक्रमों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ निद. ेशक, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस, प्रो. (डॉ.) आर. सी. त्रिपाठी के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों के ज्ञान एवं अनुभव से सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में सुद्ध आधारभूत ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी विक. सित करना चाहिए, ताकि वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुजीत कुमार (सीनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर एवं सॉफ्टवेयर क्वालिटी लीड, केट कैम टेक्नोलॉजीज) ने एमसीए एवं बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के व्यावहा. रिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने JAVA, SQL तथा JIRA टूल्स के माध्यम से प्रोजेक्ट प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि उद्योग में सफलता के लिए व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आगामी एआई वैव के प्रति सजग रहने और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गवेंद्र सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर) ने बीसीए एवं एमसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट गाइडलाइंस एवं प्रारूप पर पीपीटी प्रस्तुति दी।

उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की प्रक्रिया, डीएफडी (DFD) तथा ईआर डायग्राम (ER Diagram) की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स को प्रभावी ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. (डॉ.) आर. सी. त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा SDGI Global University के शीर्ष प्रबंधन, संकाय सदों, मीडिया सेल एवं छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग की सराहना की, जिनके अथक प्रयासों से यह उद्योग विशेषज्ञ व्याख्यान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की सराहना सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चां. सलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं का तहसील दिवस में हंगामा

## ईओं व वन विभाग पर लगाया हरे पेड़ कटवाने और शहर में नाला निर्माण में धन की बंदरबाट का आरोप











**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बागपत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने 27 लाख रुपये की लागत से बन रहे नाले के निर्माण में धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है और ईओ कार्यालय पर तालाबंदी की चेतावनी दी है।

भाकियू टिकैत के कार्यकार्ताओं का कहना है कि शहर में पानी की निकासी के लिए पहले से ही एक अच्छी स्थिति वाला नाला मौजूद है। इसके बावजूद, अधिशासी अधिकारी ने कथित तौर पर अपने एक रिश्तेदार को ठेका देकर नए नाले का निर्माण शुरू कराया है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि नाला निर्माण के लिए 10 हरे पेड़ काटने की तैयारी है, जिसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। भाकियू टिकैत ने चेतावनी दी है कि यदि एक भी पेड़ काटा गया, तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी बागपत नगर पालिका और वन विभाग की होगी।

भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली- एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा और अन्य कार्यकर्ता बागपत तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल से मिले। उन्होंने डीएम से शिकायत की कि उनके सख्त निर्देशों के बावजूद अधिकारी धन के दुरुपयोग से बाज नहीं आ रहे हैं। इस पर डीएम ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय निवासी सुंदरी ने बताया कि उनके मकान के बाहर 10 फीट गहरा गड्डा खोद दिया गया है, जिससे उनके कई मकान गिरने की कगार पर हैं और कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे ईओ बागपत नगरपालिका के कार्यालय पर तालाबंदी करेंगे। इस मौके पर चौ.धर्मपाल सिंह लुहारी, इन्द्रपाल सिंह, गौरव सिंह बली, भीम सिंह लुहारी, हिम्मद सिंह, अंकित सिंह, अश्वनी सिंह, विरेन्द्र सिंह, सतीश प्रधान पावला, राजू प्रधान, जितेन्द्र वर्मा, अमित नम्बरदार आदि मौजूद रहे।

## दो मुस्लिम युवकों पर सात माह तक दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चांदीनगर क्षेत्र में एक युवती ने दो मुस्लिम युवकों पर सात माह तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती ने अपनी शिकायत में कहा है कि इन दो युवकों ने सात महीने तक उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके अतिरिक्त, एक अन्य व्यक्ति पर भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और मामले को निपटाने का दबाव बनाने का आरोप है। इससे पहले, युवती ने इन्हीं दो युवकों पर तमंचे की नोक पर घर से आभूषण मांगने और उसके भाई व परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पिछली शिकायत दर्ज होने के दो दिन बाद युवती फिर सामने आई और उसने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। युवती का कहना है कि उसकी तहरीर को बदलवाया गया था। महिला की नई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले के सभी पहलुओं पर फिर से गहन जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिपाही ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आजमपुर मुलसम गांव में दिल्ली पुलिस के एक सिपाही पीयूष 28वर्षीय ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शराब पीने से मना करने पर अपनी मां के साथ हुए विवाद के बाद हुई।

पीयूष ने पड़ोस के एक व्यक्ति के मकान में जाकर अपने सिर में गोली मार ली। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीयूष दिल्ली पुलिस में पिछले 9 वर्षों से कार्यरत था। वह अपने पिता की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे से पुलिस बल में भर्ती हुआ था। परिवार में वह सबसे छोटा था, उसकी तीन विवाहित बहनें हैं और एक भाई विदेश में नौकरी करता है। परिवार के कुछ सदस्य चंडीगढ़ में भी रहते हैं। दोघट थाना प्रभारी सूर्य दीप ने बताया कि मां-बेटे के बीच हुए विवाद के बाद पीयूष ने यह कदम उठाया। पुलिस अधिकारी फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हैं।



मृतक फाइल फोटो

### एक नजर

## समाधान दिवस नहीं दिखा कुछ खास, 10 शिकायतों में से कुल दो का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। अधिकारियों ने शेष शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। समाधान दिवस में प्राप्त कुल 10 शिकायतों में से अधिकांश राजस्व विभाग से संबंधित थीं। इनमें 9 शिकायतें सीधे राजस्व विभाग से जुड़ी थीं, जबकि एक शिकायत राजस्व और पुलिस दोनों विभागों से संबंधित थी। फरियादी सुबह से ही अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंचे थे। मौके पर केवल दो शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया, और ये दोनों मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। शेष लंबित शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुरानी धरोहर इमारतों का संरक्षण व संवर्धन हम सभी की है जिम्मेदारी:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को डीएम अस्मिता लाल ने जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अभिलेखों एवं रिकॉर्ड की जांच करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए तथा कार्यालय व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की टीम को जिलाधिकारी ने आज लगभग 100 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भवन का निरीक्षण कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस धरोहर भवन का संरक्षण एवं समुचित रिनोवेशन प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान सुरक्षित रह सके। जिलाधिकारी ने मुख्य भवन तथा निर्वाचन से संबंधित सामग्री/सामान के रख-रखाव की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी अभिलेख एवं सामग्री को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संरक्षित किया जाए। इसके उपरांत उन्होंने जिला पंचायत के डाक बंगले का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक मरम्मत एवं रिनोवेशन कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामाजिक उत्तरदायित्व की एक सराहनीय पहल का भी अवलोकन किया। पुरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए जूते-चप्पलों को रीसाइक्लिंग कर उनसे तैयार की गई। मैट को जिला पंचायत के डाक बंगले में संचालित विद्यालय में बच्चों के उपयोग हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी स्वयं बच्चों के साथ उन्हीं मैट पर बैठीं, उनके साथ भोजन किया तथा मिड डे मील की गुणवत्ता का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुरानी धरोहर इमारतों का संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। इन्हें संरक्षित कर अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना ही हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ उत्साहपूर्वक प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत की एन.एस.एस. प्रथम इकाई एवं तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी डा. अमृत कुमार गुप्ता एवं डा.अमित नागर के निर्देशन में एन.एस.एस. लक्ष्य गीत के साथ की गई।

इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को प्रेरक संबोधन देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा हरी झंडी दिखाकर शिविर हेतु रवाना किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी कॉलोनियों में प्रभात फेरी निकाली और शिविर स्थल, मंडप रामबाग कॉलोनी, पहुंचे। वहां पहुंचकर स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न समितियों-भोजन समिति, अनुशासन समिति, फोटो एवं मीडिया समिति, क्रय (पर्चेज) समिति आदि में विभाजित किया गया। शिविर का प्रथम दिवस अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।




## गांव में चकमार्ग अवरुद्ध होने से किसान लंबे समय से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** तहसील के मवीकलां गांव में चकमार्ग अवरुद्ध होने से किसान लंबे समय से परेशान हैं। 21 फरवरी को गांव के कई किसानों ने खेकड़ा तहसील पहुंचकर तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने मार्ग खुलवाने की मांग की। किसानों ने बताया कि मवीकलां बंगार में बीएसबी भट्टे के पास स्थित सरकारी चकमार्ग कई खेतों को जोड़ता है। यह मार्ग पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा है, जिससे उन्हें खेतों तक पहुंचने और फसल लाने में भारी परेशानी हो रही है। किसान संदीप धामा ने जानकारी दी कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। पटवारी और कानूनगो ने मौके का निरीक्षण भी किया था, लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा लगातार बाधा उत्पन्न करने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे मुख्यमंत्री स्तर तक शिकायत करने को मजबूर होंगे। तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव ने किसानों की शिकायत को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही चकमार्ग से अवरोध हटाकर रास्ता सुचारु कराया जाएगा। इस दौरान रामबीर, सतपाल सिंह, महावीर, लेखराम सिंह, संदीप, बीरसैन, आनंद और उज्ज्वल सहित कई किसान मौजूद थे।

## डीएम ने किया राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने यूपी बोर्ड परीक्षा के कृष्टिगत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया और परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाएं 2026 की परीक्षा हेतु जनपद बागपत में हाई स्कूल के 13766 व इंटरमीडिएट के 13417 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। जनपद में 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर सभी चाक-चौबंद व्यवस्था के सात परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही है जिसमें स्टेटिक मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, प्रकाश एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई जाए। जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें बिना किसी तनाव के आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष एवं सुचारु परीक्षा संचालन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रधानाचार्य उपस्थित मिली।

## क्षेत्र का विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता:सुनील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता रही है। क्षेत्र के लोगों का मुझ पर विश्वास है और मैं उनके विश्वास को हमेशा कायम रखूंगा। जनता द्वारा जो मान सम्मान मुझे मिल रहा है। मैं उसको कभी भुला नहीं सकता वार्ड नंबर 12 से मुझे जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र की जनता ने बनाया मैं दिन-रात उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा हूं और आगे भी भविष्य में 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहूंगा। मेरे द्वारा क्षेत्र में लोगों के दुख सुख के लिए एंबुलेंस सेवा दी गई है। कॉल करते ही लोगों के पास तुरंत एंबुलेंस पहुंच जाती है जो निःशुल्क सेवा प्रदान करती है। लगातार जनता की सेवा के लिए आंखों के निःशुल्क कैंप लगवाएं जा रहे है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का विकास प्रगति की तरफ चल रहा है पक्के नालों का निर्माण कराया गया है। क्षेत्र में पक्के खड़ंजे बनवाए गए हैं। जगह-जगह रिबोर नल लगवाए गए हैं। वार्ड नंबर 12 के जिस गांव में कच्चे नाले थे उनका निर्माण कराया गया है जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने बताया कि भविष्य में आगे भी क्षेत्र का विकास प्रगति की तरफ दौड़ेगा जिस गांव में हम जा रहे हैं उसे गांव के लोग हमें अपना आशीर्वाद देकर दोबारा चुनाव के लिए चुन रहे हैं क्योंकि हम जनता के साथ खरे उतरने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता का सम्मान हमेशा किया जाएगा। गांव-गांव लाइट लगवाने का काम किया गया हमें जनता ने चुना था उनकी सेवा करना उनके दुख सुख में खड़े रहना ही हमारा में मकसद है।



## वीरपाल राठी के पिताजी को राष्ट्रीय लोकदल नेता प्रहलाद आर्य ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के टिकरी गांव में पूर्व विधायक राष्ट्रीय लोकदल छपरौली वीरपाल राठी के पिताजी का 100 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। उनके आवास पर वरिष्ठ राष्ट्रीय लोकदल नेता समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य ने उनके पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक वीरपाल राठी भी मौजूद रहे। समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना ने कहा कि 100 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ है। स्वर्गीय मांगेराम सरपंच किसान परिवार में जन्मे थे। मै हमेशा लोगों के दुख सुख में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया करते थें। आज शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी गई है। उन्होंने कहा प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी उनके निधन से परिवार में भी शोक की लहर है। समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य आज टिकरी गांव में स्वर्गीय चौधरी मांगेराम सरपंच को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे।

## मुहपका खुरपका बीमारी से एक सप्ताह में 10 पशुओं की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सांकलपुठी गांव में मुहपका खुरपका बीमारी के चलते एक सप्ताह में 10 पशुओं की मौत हो गयी है जिससे किसान परेशान है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मुहपका खुरपका बीमारी पशुओं में लगातार बढ़ती जा रही है जिससे किसान परेशान है। सांकलपुठी गांव में मुहपका खुरपका बीमारी के चलते जहा पशु बीमार है, वह एक सप्ताह में बिल्लू पुत्र गंगा की एक एक भैस,कवंरपाल पुत्र हरिचंद की दो कटिया, मागें पुत्र राममेहर की एक कटिया, सेंसर पुत्र श्यामू की एक कटिया, नीटू पुत्र सख्त सिंह की एक भैस, राजबीर पुत्र किरतसिंह का एक भैसा, दयानंद शर्मा का एक भैसा, चन्द्र पाल का एक लवारा, तेजबीर पुत्र मिलन सिंस की एक भैस, विनय पुत्र शिरिचंद की एक भैस की मौत हो चुकी है जबकि दर्जनों पशु बीमार है। ग्रामीणों ने गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर लगवानें और मृत पशुओं के मालिकों को उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



## सरसों की फसल में माहू नियंत्राण हेतु कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकासखंड खेकड़ा के ग्राम बडागांव में सरसों की फसल में लगे माहू के प्रभावी नियंत्रण एवं समेकित कीट प्रबंधन के तहत एक कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को बताया कि सरसों की फसल में माहू एक प्रमुख कीट है, जो पौधों की कोमल पत्तियों, तनों एवं फूलों का रस चूसकर उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि माहू के प्रकोप से फसल पीली पड़ने लगती है, फूल एवं फलियाँ प्रभावित होती हैं तथा दाना भराव में कमी आती है, जिससे उपज घट जाती है। उन्होंने किसानों को निम्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए-खेतों का नियमित निरीक्षण करें, विशेषकर फूल आने की अवस्था में पीली चिपचिपी ट्रैप का प्रयोग कर प्रारंभिक अवस्था में कीट की निगरानी करें। संतुलित उर्वरक प्रयोग करें, नत्रजन (यूरिया) का अत्यधिक प्रयोग न करें। जैविक उपायों जैसे नीम तेल 0.5प्रतिशत (5 मिली प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करें। अधिक प्रकोप की स्थिति में कृषि विशेषज्ञ की सलाह अनुसार अनुशंसित कीटनाशी का छिड़काव करें। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर शिवम कुमार ने किसानों को माहू की पहचान, उसके जीवन चक्र तथा समय पर नियंत्रण के वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण करने से उत्पादन हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी महेश कुमार खोखर भी उपस्थित रहे एवं किसानों को विभागीय योजनाओं, फसल सुरक्षा उपायों तथा नियमित खेत निरीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल कृषि विभाग से संपर्क करें। कृषकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। अंत में जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि कृषि विभाग किसानों की हर समस्या के समाधान हेतु तत्पर है तथा समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।



## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खेकड़ा।** थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी, तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान शकील पुत्र नूरू, निवासी ईदगाह के पास, कस्बा खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 27 वर्ष बताई जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ खेकड़ा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सागर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

विजयपाल शर्मा पुत्र महेन्द्र शर्मा निवासी पट्टी जीतवान ग्राम सरूरपुर कलॉ थाना व जनपद बागपत।

# कांधला तिराहे पर ई-रिक्शा व ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में युवक की मौत

**कैराना।** कस्बे के कांधला तिराहे पर शनिवार सुबह ई-रिक्शा और तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6रू30 बजे मोहल्ला खेलकला ईदगाह निवासी मोबिन पुत्र शाहिद ई-रिक्शा लेकर कांधला की सवारियां लेकर जा रहा था। बताया गया है कि वह तिराहे पर रुकी बस से सवारी बैठाकर कांधला की ओर बढ़ा ही था कि सामने से तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया



और उसमें बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ई-रिक्शा चालक मोबिन के अलावा मोहल्ला जन्नत कॉलोनी, कस्बा कांधला निवासी राशिद (30) पुत्र मौजू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ढ्ढसीएचसीऋ कैराना में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने राशिद को मृत घोषित कर दिया। चालक मोबिन का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि अभी तक घटना के संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक यूनियन में आक्रोश

**स्योहारा।** गन्ना मिल परिसर में उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ट्रक यूनियन के अध्यक्ष के साथ कथित रूप से केन मैनेजर द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगा। घटना के बाद ट्रक चालकों में भारी रोष फैल गया और उन्होंने विरोध स्वरूप अपने ट्रकों को खड़ा कर मिल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि किसी मुद्दे को लेकर ट्रक यूनियन पदाधिकारियों और मिल प्रबंधन के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान केन मैनेजर पर ट्रक यूनियन अध्यक्ष के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा, जिससे चालक भड़क उठे। देखते ही देखते मिल परिसर में ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं और गन्ना ढुलाई का कार्य प्रभावित हो गया। आक्रोशित चालकों ने मिल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सम्मानजनक व्यवहार की मांग की। उनका कहना था कि ट्रक चालक मिल की रीढ़ हैं।

# पानी और शौचालय की कमी से दुकानदार परेशान, समाधान की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** नई घास मंडी में पीने के पानी और सार्वजनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से दुकानदारों व स्थानीय लोगों में नाराजगी है। मंडी में लगे नल लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे दुकानदारों को पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है।

दुकानदारों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा अधिक टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं। मंडी क्षेत्र में महिला-पुरुषों के लिए कोई सार्वजनिक शौचालय न होने से राहगीरों और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रामपाल, सोनू बालियान, नफीस, प्रदीप कुमार, आशु मलिक सहित दो दर्जन से अधिक दुकानदारों ने नगर पंचायत में तहरीर देकर खराब नल ठीक कराने, सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

व्यापारियों का कहना है कि मंडी से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, इसलिए पानी और शौचालय की सुविधा जल्द उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि दुकानदारों व आम जनता को राहत मिल सके।

## एक नजर

### प्लॉट पर कब्जा दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ऐंठने का आरोप

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला दरबारकलां निवासी एक महिला ने प्लॉट पर कब्जा दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति पर एक लाख रूपए ठगने का आरोप लगाया है। महिला ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला दरबारकलां निवासी नाजो पत्नी अतीक ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने खसरा संख्या 732ख, ग्राम झाड़खेड़ी ढ्ढवर्तमान मोहल्ला दरबारखुर्द, वार्ड नंबर-5ऋ स्थित एक खाली प्लॉट 18 अक्तूबर 2017 को बैनामे के माध्यम से खरीदा था। उक्त प्लॉट पूर्व में फिरदोस पत्नी मेहरबान ने 30 जनवरी 2015 को मीर हसन उर्फ काला पुत्र करीमुल्ला से क्रय किया था। महिला का कहना है कि खरीद के समय उसने प्लॉट पर कब्जा ले लिया था। आरोप है कि बाद में फिरदोस व मीर हसन ने आपसी मिलीभगत कर प्लॉट पर दोबारा अवैध कब्जा कर लिया और उसे जोतकर फसल बो दी। महिला के अनुसार 14 अक्तूबर 2025 को मुनीफ पुत्र नफीस खान निवासी मोहल्ला दरबारकलां ने अधिकारियों से सांठगांठ का दावा करते हुए प्लॉट पर कब्जा दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने एसडीएम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। महिला का आरोप है कि मुनीफ ने अधिकारियों को देने के नाम पर एक लाख रूपए की मांग की। उसके पति अतीक ने गवाहों के सामने उक्त रकम मुनीफ को दे दी, लेकिन न तो कब्जा दिलवाया गया और न ही रकम वापस की गई। रूपए वापस मांगने पर आरोपी ने अधिकारियों को पैसे देने की बात कहकर टाल दिया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने, एक लाख रूपए वापस दिलाने और प्लॉट से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

### सड़क निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** तहसील एसडीएम कोर्ट धामपुर में लगभग 150 मीटर लंबी सड़क की खराब स्थिति को लेकर अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि उन्होंने यह भी कहा कि इसी मार्ग से आला अधिकारियों व आम जनता का आवागमन भी होता है, फिर भी सड़क की मरम्मत न होना चिंता का विषय है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने अधिवक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले में एडवोकेट कुणाल गांधी, एडवोकेट शाहिद मंसूरी (उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हिरेंद्र कुमार, एडवोकेट तालिब खान, एडवोकेट शाहरुख मलिक, एडवोकेट अर्चना, एडवोकेट शादान सईद (संयुक्त सचिव बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हरिओम सिंह, एडवोकेट काजिम खान, एडवोकेट राजवीर सिंह, आशु एडवोकेट, दिलशाद एडवोकेट, एडवोकेट आमिर अंसारी, नरोत्तम सिंह एडवोकेट, मौहम्मद परवेज सहित काफी संख्या मे अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### टेम्पो की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**नहटौर।** फुलसंदा-लल्लावाला संपर्क मार्ग पर ग्राम फुलसंदा निवासी विनोद कुमार (50 वर्ष) पुत्र चुन्नीलाल अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक टेम्पो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद कुमार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल विनोद कुमार को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उनकी हालत चिंताजनक बताई। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने के कारण, उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नहटौर।** आगामी होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए थाने में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने स्थानीय गणमान्य नागरिकों और त्यौहार कमेटियों के साथ संवाद स्थापित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था और जुलूस के सफल आयोजन को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से होली के अवसर पर निकलने वाले जुलूस मार्गों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाली बिजली की लटकती तारों, साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई, जिसके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। बैठक में थाना प्रभारी, ईओ ओम गिरी सहित भारी संख्या में कस्बे के हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग और शांति समिति के सदस्य के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कपिल शर्मा, अर्पित गुप्ता, बिट्टू जैन, मोहित भारद्वाज, मणिकांत शर्मा, पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी, नबील अहमद, महफूज उर्फ गुड्डा मौजूद रहे।

# बालाजी धाम में हुआ सुंदर कांड का आयोजन

**थानाभवन।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की नगर महिला ईकाई के तत्वाधान मे शनिवार को बालाजी धाम मे आयोजित सुंदर कांड सत्संग मे समिति की अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने कहा मनुष्य जन्म से नहीं अपितु कर्म से महान बनता है और मनुष्य चित्र से नहीं, चरित्र से सुन्दर बनता है। अच्छे परिवार में जन्म लेना मात्र एक संयोग है और अच्छे कार्यों द्वारा जीवन को उत्कृष्ट बनाना एक उपलब्धि। इसलिए इस बात पर ज्यादा विचार मत करना कि मेरा परिवार कैसा है , लेकिन यह जरूर विचारणीय है कि मेरा व्यवहार कैसा है। उन्होने कहा प्रेरणादायक बनने के लिए हमे प्रेरणा लेनी भी होगी, प्रेरणा हमें वृक्षों से लेनी चाहिए, फल लग जाने के बाद जिनकी डालियां स्वत: झुक जाया करती हैं। प्रेरणा उन फूलों से भी लेनी



चाहिए जो खिलते भी दूसरों के लिए और टूटते भी दूसरों के लिए हैं। जो व्यक्ति प्रेरणा लेना जानता है उसका जीवन एक दिन स्वत: प्रेरणा दायक भी बन जाता है। जो मनुष्य दूसरों का भला करके भूल जाते हैं उनका हिसाब प्रकृति स्वयं याद रखा करती है मगर जो मनुष्य आदतन अपने पुण्यों का बही खाता लिए फिरते हैं इस प्रकृति द्वारा फिर उनके पुण्य कर्मों को विस्मृत कर दिया जाता है अपनी जीवन रूपी वीणा से सुख - आनंद की मधुर झंकार निकले इसलिए अपने इन्द्रिय रूपी तारों को ना इतना ढीला रखो कि वो निरंकुश हो जाएं और ना इतना ज्यादा कसो कि वो टूटकर आनंद का अर्थ ही खो बैठें जिसे सब्र में जीना आ गया, वो सबरी हो गया और जो सबरी हो गया, उसे ईश्वर तक नहीं जाना पड़ता अपितु स्वयं ईश्वर आकर उसके द्वार को खटखटाया करते हैं।जो ताला चाबी को एक ओर घुमाने से बंद होता है, वही दूसरी ओर घुमाने से खुल भी जाता है हम अपने विचार , वाणी और व्यवहार को इस तरह घुमाएं कि रिश्तों के बंद पडेघ् ताले फिर से खुल जाए मनुष्य मन के संकल्प और विकल्प पानी के बुलबुले की तरह ही एक क्षण में बनते और दूसरे ही क्षण में फूट भी जाने वाले अर्थात् मिट जाने वाले हैं। इसलिए हमारे महापुरुषों ने निर्णय दिया है कि कभी बुरा करने का विचार आए तो कल पर टालो और कभी अच्छा करने का विचार आए तो अभी कर डालो। उन्होंने कहा भीतर की पवित्रता ही परमात्मा की प्राप्ति की दिशा है। याद रखना जो भी परमात्मा की दिशा के प्रतिकूल जाता है वह एक दिन नष्ट हो जाता है। जो भी परमात्मा की और बढ़ता है वह आनन्द की अनुभूतियां, आंतरिक सौन्दर्य और अमृत से पूरी तरह भर जाता है। सत्संग मे शिल्पी अग्रवाल सोनिया गोयल नन्दा तायल सुनिता अग्रवाल सोनिया गर्ग दीपा तायल पूजा जैन किर्ती राठी अंजली सिघल आदि मौजूद रही।

## नशा मुक्ति के रूप मे मनाया प्रथम दिवस

**हीमपुर दीपा।** एसपी डिग्री कॉलेज तिगरी से राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आज थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट से प्रारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिन नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत के लिए आह्वान कराया गया। इसके साथ-साथ नशे से होने वाली बीमारियों एवं जनहानि के बारे में अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने पर आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर किया। सभी स्वयंसेवकों को अग्रिम छः दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंबिका बंसल ने स्वयंसेवकों को कार्यभार सौपा। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी के अतिरिक्त संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, कपिल शर्मा, गुरदीप सिंह, आसिफ मंसूरी आदि प्रवक्ताओं के साथ-साथ स्वयंसेवक नमन सहित हिमांशु, कावेरी, उमरा, प्राची, अमन, अं. कता, आर्यन, अक्षित, गौतम, कृष्णा आदि का विशेष योगदान रहा।

## वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा पंचम सेमेस्टर के छात्र यश शर्मा ने 70.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अक्षय ने 68.60 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं मौहम्मद ज़की ने 67.10 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट

**धामपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत चयनित 100 छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट आज धामपुर शुगर मिल में कराया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने धामपुर शुगर मिल के केन करियर से लेकर ड्रायर हाउस तक भ्रमण किया तथा शुगर उत्पादन, केमिकल, पावर प्लांट आदि से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। फैक्ट्री विजिट के बाद वीडियो के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को विवेक सिंह यादव के द्वारा जानकारी साझा की गई। इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट का नेतृत्व मुन्नालाल त्रिवेदी खंड शिक्षा अधिकारी, अरुण प्रकाश, ललित वीर सिंह, देवराज सिंह, मुकेश कुमार श्रीमती दिशा रानी, नीरज आदि रहे।

# समाधान दिवसः 21 शिकायतों में से दो का हुआ निस्तारण

**कैराना।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी 21 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम निधि भारद्वाज ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा



कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण व अन्य जनसमस्याओं से संबंधित शिकायतें अधिक रहीं।

अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि हर मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह समेत राजस्व, पुलिस, आपूर्ति और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया घर में घुसकर मारपीट व सामान लूटने का आरोप

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक महिला ने दबंगों पर घर का ताला तोड़कर कब्जा करने, मारपीट करने और कीमती सामान ले जाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में दी गई है।

मोहल्ला अफगानान निवासी बानो पत्नी अख्तर ने तहसील कैराना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका एक मकान मोहल्ला अफगानान में स्थित है, जिसमें वह लंबे समय से परिवार सहित रह रही थी। वर्तमान में वह काम के सिलसिले में कस्बा कांधला में रह रही है, जबकि उसके पति मकान की देखभाल के लिए कैराना में ही रहते हैं।

आरोप है कि गत 11 दिसंबर को जब परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे और मकान पर ताला लगा था, तभी रिजवान पुत्र सगीर और शमीम पुत्र सगीर निवासी मोहल्ला अफगानान ने ताला तोड़कर घर में घुसपैठ कर ली। शाम करीब चार बजे जब वह घर पहुंची तो ताला टूटा मिला। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और घर में रखा कीमती सामान तथा करीब 300 खाली कैरेट वाहन में भरकर ले गए। पीड़िता का कहना है कि पुलिस को सूचना देने की बात कहने पर आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी दी हैं। उसने चौकी इमाम गेट और बाद में गत 17 फरवरी को थाना कैराना में भी शिकायत दी थी। आरोप है कि पुलिस के मौके पर पहुंचने के दौरान भी आरोपियों ने उसके पति के साथ मारपीट कर उन्हें भगा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग व भू-माफिया प्रवृत्ति के हैं और परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है।

उसने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को मकान से बेदखल करने और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# खेत की जमीन पर कब्जा और जातिसूचक शब्द कहने का लगाया आरोप

**कैराना।** ग्राम भूरा निवासी एक दलित महिला ने दबंगों पर खेत की जमीन पर कब्जा करने, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम भूरा निवासी कौशल पत्नी अतर सिंह ने शनिवार को तहसील सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के नाम दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति को खाता संख्या 1081, खसरा संख्या 946 व 925क की कुल करीब 0।1830 हेक्टेयर भूमि का पट्टा मिला हुआ है। उक्त भूमि की पैमाइश कराकर पूरा रकबा दिलाने के लिए उसने गत 27 जनवरी को तहसीलदार कैराना को प्रार्थना पत्र दिया था। हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे, लेकिन विपक्षी पक्ष के लोग मौजूद न होने के कारण पैमाइश नहीं हो सकी। महिला का आरोप है कि विगत 28 जनवरी की सुबह जब वह खेत पर गई तो गांव के श्यामा पुत्र मदन व बालेश पुत्र श्यामा ने उसके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसकी जमीन की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला ली और वहां जबरन पॉपलर के पेड़ लगा दिए।पीड़िता का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण वह और उसका परिवार भयभीत है। उसने मामले में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## नाला निर्माण में घटिया निर्माण का लगाया आरोप

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना के वार्ड-27 इस्लामनगर में करीब दो माह पहले बनाए गए नाले के जगह-जगह टूटने का मामला सामने आया है। वार्ड की सभासद ने निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है।वार्ड-27 इस्लामनगर की महिला सभासद शबाना पत्नी आरिफ ने सहारनपुर मंडल के आयुक्त को संबोधित समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके वार्ड में महबूब के मकान से अनिल के मकान तक नाला निर्माण प्रस्तावित था, जबकि निर्माण इस्लाम के मकान से श्मशान घाट तक कराया गया।

आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के कारण नाला मात्र दो माह में ही जगह-जगह से टूट गया है। महिला सभासद का कहना है कि ठेकेदार भुगतान भी प्राप्त कर चुका है, जबकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारण के दिए निर्देश

**शामली।** आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव प्रतिभा ने की। बैठक में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की रणनीति तय की गई।

प्रभारी सचिव ने कहा कि अधिक से अधिक वादों का अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर लंबित मामलों को चिन्हित कर समय से निस्तारण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का समाधान कर न्यायालयों का बोझ भी कम होता है और आमजन को शीघ्र राहत मिलती है। बैठक में जिला सेवा अधिकारी अजय कुमार, उप निबंधक कैराना सुयश भारतीय, सप्लाई विभाग के पी।के। जयंत, पशु चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार, डॉ। जाहिद त्यागी ढ्ढस्वास्थ्य विभागऋ सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आलमपुर गांवड़ी में क्रासिंग न होने से परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** गांव आलमपुर गांवड़ी में क्रॉसिंग न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्राम वासियों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर गांव के बीच में क्रॉसिंग बनाने की मांग की है।

आलमपुर गांवड़ी के निवासियों ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर बसा गांव आलमपुर में क्रॉसिंग न होना बहुत ग्रामीणों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि प्रत्येक गांव के सामने दो-दो स्थानों पर क्रॉसिंग मौजूद हैं। अफजलगढ़ - धामपुर मार्ग पर बसे आलमपुर गांवड़ी गांव की आबादी गांव के पूरब की ओर बसी है।

# 14 साल पुराने हत्या कांड में दोषी को उम्रकैद, 31 हजार रूपए जुर्माना

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी करते हुए शामली पुलिस ने वर्ष 2012 के हत्या के मामले में आरोपी को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। न्यायालय ने दोषी को आजीवन कठोर कारावास और 31 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना आदर्शमंडी क्षेत्र में वर्ष 2012 में मु. अ.सं. 20/2012 के तहत धारा 302 और 201 भादवि में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में ग्राम कसेरवा खुर्द निवासी प्रमोद कुमार पुत्र ओम सिंह को नामजद किया गया था। पुलिस द्वारा विवेचना पूरी कर न्यायालय में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के उपरांत शनिवार को न्यायालय ने आरोपी प्रमोद कुमार को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कठोर कारावास एवं तीस हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही धारा 201 भादवि में एक वर्ष के कारावास और एक हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाना प्राथमिकता है। मामले में पैरवी के लिए सोशल मीडिया सेल, शामली सहित संबंधित इकाइयों ने समन्वय कर कार्य किया। फैसले के बाद पीड़ित पक्ष ने संतोष जताया है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय की दृष्टि, सतर्कता संकल्प की दस प्राथमिकताओं में एक अत्याधुनिक तकनीक से साईबर अपराध का मुकाबला करने के अंतर्गत निरन्तर संचिलत अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमति अपेक्षा निम्बाडिया द्वारा साईबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दिनांक 20.02.2026 को जनपदीय साईबर सैल, थाना आदर्शमंडी व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सर्विलांस की सहायता से ऑनलाइन व ऑफलाइन बैंकों से लोन तथा बीमा कराने के नाम पर की गई धोखाधड़ी को करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त 1. दीपक पुत्र जोगिन्द्र निवासी ग्राम मुंडेट कला थाना आदर्शमंडी जनपद शामली उम्र करीब 28 वर्ष है।

पूछताछ में उसने बताया कि आनलाईन लोन कोड़ प्राप्त करने के उपरांत मैंने लोगों को होम लोन, कर्मिशियल लोन दिलाने का काम शुरु कर दिया था । मैंने पीर खेड़ा के रहने वाले व्यक्ति से 7 लाख लोन करवाने के नाम पर 1,50,000/- रूपए की धोखाधडी कर ली थी तथा उन्ही के रिस्तेदार को अपने जाल में फंसाकर लोन के नाम पर लगभग 50,000- रूपए की धोखाधड़ी की थी तथा ग्राम टिटौली के रहने वाले व्यक्ति के साथ भी लोन दिलवाने के नाम पर 28,000- रूपए की धोखाधड़ी की थी । इसी बीच मेरे द्वारा कुछ लोगों से आनलाईन धोखाधडी भी की थी । मैने ग्रेटर नोएडा की रहने वाली महिला से 9,750- रूपए तथा शामली के रहने वाले व्यक्ति से 69,000- रूपए तथा सहारनपुर के रहने वाले व्यक्ति से लोन दिलाने के नाम पर लगभग 17,000- रूपए की धोखाधडी की गई थी ।

जब भी कोई शिकायत करता था तो थोडे बहुत पैसे वापस करके मामले को रफा दफा कर देता था । इसी प्रकार मनीष निवासी भौरांकला मुजफ्फरनगर से भी मैंने लगभग 4,50,000- रूपए की धोखाधडी की थी उसने मेरी पुलिस में शिकायत कर दी थी । मेरा अकाउंट पीएनबी बैंक, इंडसइंड बैंक तथा मेरी पत्नी का अकाउंट एयरटेल पैंमेंट बैंक, जना स्माल फाईनेंस बैंक तथा पीएनबी में भी हैं मेरे पास मो0नं0 03 मोबाइल नम्बर हैं जिनका उपयोग में लोन दिलाने के नाम पर धोखाधडी में करता था । मेरे पास जो 40,000- रूपए मिले हैं वह लोगों से लोन के नाम ठगे हुए धनराशि में से बचे हुए पैसे हैं।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र इन्शार मेरे कहने सुनने में नही है और गलत संगत में पड़ गया है। उसके कृत्यों से तंग व परेशान आकर में उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसका मेरे परिवार से कोई संबन्ध नहीं रहा।भविष्य में अपने समस्त कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**शहजाद पुत्र यामीन**
निवासी ग्राम गन्दराऊ थाना कैराना, जिला शामली

**सूचना**

शामली में लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक शाह टाइम्स में समाचार, विज्ञापन व विज्ञप्ति के प्रकाशन के लिए सम्पर्क करें।

**सुनील वर्मा जिला प्रभारी शामली।**
मोबाइल नं0- 8630354443, 9897943340
**पता- ओमप्लाजा मार्किट, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा फाटक शामली।**

# प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर इंडिया चिप का किया उद्घाटन

## सीएम योगी बोले: पिछली सरकारों में गोलियां चलती थी, आज जेवर प्रदेश का जेवर बनकर उभरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटरनोएडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया चिप सेमीकंडक्टर यूनिट का वर्चुअली उद्घाटन किया। यमुना सिटी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ रेल मंत्री अश्वनी वैष्णवी भी मौजूद हैं। च्ड इस यूनिट से 4 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। साथ ही, भारत की सेमीकंडक्टर एरिया में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

मैसर्स इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। ये कंपनी एचसीएल और फॉक्सकॉन का जाइंट वेन्चर है। कंपनी को सेक्टर-28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। कंपनी यमुना सिटी में 3706.15 करोड़ का निवेश करेगी। इस अवसर पर योगी ने कहा- पीएम के विजनरी में भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में बढ़ रहा है। उसी क्रम में यूपी की पहली सेमी कंडक्टर यूनिट का शिलान्यास होने जा रहा हूं। पीएम ने देश को टैक्नॉलजी के रूप में विकसित किया है। चार दिनों से दुनिया और देश भारत मंडपम में एआई सब्मिट हुई। जिसमें अनुमान है 10 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। 110 देश भारत के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में शामिल हुए। उनका आभार।इस अवसर पर पीएम मोदी ने पिछले साल सेमीकॉन इंडिया के बारे में कहा था- आइरन इस ब्लैक गोल्ड और चिप आर डिजिटल डायमेंड 21वीं सदी का विकास है। वो चिप आधारित तकनीक पर है। भारत में पहली बार देखने को मिल रहा है तो पीएम के कारण देखने को मिल रहा है।

**पिछली सरकारों में अराजकता होती थी:** पिछली सरकारों में यहां गोलियां चलती थी, अपहरण होते थे। अराजकता होती थी। लोग सूर्यास्त होने के बाद घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज जेवर भारत ही नहीं बल्कि प्रदेश का जेवर बनकर उभर रहा है।

नए वीजन को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। दोनों केंद्रीय मंत्री का आभार जिन्होंने इस अभियान को आगे बढ़ाने में सकारात्मक योगदान दिया है। सकारात्मक भूमिका ही है, जिसके कारण मोबाइल और इलेक्ट्रानिक हब के रुप में विकसित हो रहा है। इसे स्किल और स्पीड के साथ जोड़ने का काम किया है। इसी रफ्तार यहां देखने को मिल रहा है। 2017 में जब सरकार बनाई थी, पीएम ने 2014 में इज ऑफ बिजनेस की बात की थी। इसके साथ उप्र ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस का जो मुकाम बना। 24 से अधिक पॉलिसी के जरिए उप्र बिजनेस डेस्टिनेशन बन चुका है। देश के अग्रणि प्रदेश में शामिल है। उप्र के अंदर पीएम का हर सेक्टर में वीजन दिख रहा है। सेमी कंडक्टर की आधार शिला रखी जा रही है उसका स्वागत करता हूं।

**सेमी कंडक्टर से देश में हर तरह की मैन्यूफैक्चरिंग संभव:** अश्वनी वैष्णव ने कहा- विश्व भर में भारत की नई पहंचान बनाने वाले गौरव को नया स्थान दिलाने वाले नरेंद्र मोदी को मैं प्रणाम करता हूं। उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने वाले लॉ आर्डर बदलने वाले सीएम को स्वागत करता हूं।

साथियों आज का दिन एतिहासिक है। सबसे पहला सेमी कंडक्टर प्लांट जेवर की भूमि में रख रहे हैं। सेमीकंडक्टर फांउडेशन टेक्नॉलाजी है। सेमी कंडक्टर जिस देश में होता है वहां पर कई तरह की मैन्यूफैक्चरिंग संभव हो जाती है। उसकी महत्ता 50 लाख या 100 करोड़ की मशीन है लेकिन उसमें यदि चिप न हो मशीन नहीं चलेगी। बहुत बारीक काम है। एक चिप में 500 करोड़ कंपोनेंट बनाना।साढ़े ग्यारह साल में पीएम ने किस तरह से देश को पावर हाउस बना दिया। जहां इलेक्ट्रॉनिक्स नगण्य थी, वहां 12 लाख करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्फेक्चरिंग है। इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात तीसरे स्थान पर है। लैपटॉप सर्वर चिप बनेगी। एक महीने में 3 करोड़ 60 लाख चिप बनेगी। यहां चिप ब्रेन बनेगा।

18 कॉलेज ऐसे है यहां नौजवान युवक चिप डिजाइन कर रहे हैं। आज विश्व का सबसे बड़ा एआई सब्मिट हो रहा दिल्ली में। पीएम का वीजन है मानव वीजन को संपूर्ण वश्वि ने स्वीकार किया। जो सर्व जन सुखाय से प्रेरित है।

रेलवे के लिए इस साल 20 हजार करोड़ का बजट दिया है। रेलवे का 92 हजार करोड़ का इवेस्टमेंट हो रहा है। यूपी में बुलेट ट्रेन भी आएगी। दिल्ली से वारएरसी से सिलीगुढी तक जाएगी। इतना बड़ा वीजन देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

# नोएडा वासियों को झटका! होली पर घर के लिए नहीं मिलेंगी बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली के पावन पर्व पर घर जाने की तैयारी कर रहे नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जॉब करने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट है। इस बार नोएडा डिपो से लंबी दूरी की रोडवेज बसों का संच.ालन नहीं किया जाएगा। ऐसे में यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए दिल्ली या गाजियाबाद के बस अड्डों का सहारा लेना होगा। आइए जानतें हैं नोएडा डिपो ने क्यों लिया ये फैसला और बसों की वर्तमान स्थिति क्या है?

विभाग के अनुसार, लंबे रूटों पर सीएनजी फिलिंग स्टेशनों की कमी और डिपो को अब तक नई एसी डीजल बसें न मिल पाना इस समस्या की मुख्य वजह है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो के पास वर्तमान में कुल 305 बसें हैं, जिनमें से 188 बसें नोएडा डिपो के अंतर्गत आती हैं। ये सभी बसें साधारण श्रेणी की हैं और सीएनजी से चलती हैं।



नोएडा डिपो को उम्मीद थी कि उन्हें लंबी दूरी के लिए वातानुकू.लित डीजल बसें मिलेंगी, लेकिन अब तक ये बसें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। यही कारण है कि प्रयागराज और अयोध्या जैसे दूरस्थ शहरों के लिए यात्रियों को दिल्ली के आनंद विहार या गाजियाबाद के कौशांबी और साहिबाबाद बस अड्डों पर जाना होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (गौतमबुद्ध नगर) के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने स्पष्ट किया है कि सीएनजी बसों को लंबी दूरी पर भेजना व्यावहारिक नहीं है, हालांकि वर्तमान रूटों पर होली के दौरान बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे।

**ऑनलाइन बुकिंग और 24 घंटे सेवा:** नोएडा डिपो से गुजरने वाली अन्य डिपो की एसी बसें (जैसे आगरा, मथुरा, लखनऊ और गोरखपुर रूट) उपलब्ध रहेंगी, जिनमें यात्री ऑनलाइन टिकट बुक करा सकते हैं। त्योहार की भीड़ को देखते हुए, होली से 2-3 दिन पहले नोएडा डिपो पर 24 घंटे बसों और पूछताछ काउंटर की सुविधा दी जाएगी। मेरठ रूट को छोड़कर, अन्य सभी साधारण बसों के लिए यात्री जाकर अपनी सीट बुक कर सकते हैं।

## कूड़ा फेंकने गए व्यक्ति को पीटा

**नोएडा।** सलारपुर गांव में दुकान बंद कर कूड़ा फेंकने गए व्यक्ति को तीन लोगों ने घेर कर पीट दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ सेक्टर 39 थाने में केस दर्ज हुआ है। सलारपुर गांव निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि वह गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे अपनी दुकान बंद कर कूड़ा फेंक कर रहे थे तभी युसूफ और उसके साथियों ने उसे घेर लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी।

## एक नजर

### 30 कर्मियों ने लिया बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिम्स में बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट (बीसीएलएस) प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा हो गया है। इससे 30 से अधिक डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। पाठ्यक्रम का संचालन एनेस्थीसिया विभाग की बीसीएलएस विशेषज्ञ टीम ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हृदय व श्वसन संबंधी आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी उपचार की साक्ष्य-आधारित तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीसीएलएस और सीओएलएस (कंप्रेशन ओनली लाइफ सपोर्ट) के बीच अंतर स्पष्ट किया गया। जिम्स के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश कुमार गुप्ता ने संस्थान में आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए कौशल-आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

### कूलर पैड बनाने वाली कंपनी में आग से हड़कंप

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बादलपुर औद्योगिक क्षेत्र में कूलर पैड बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की सात गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। दमकल की टीम इसकी छानबीन कर रही है। बादलपुर कोतवाली प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि शनिवार सुबह साढे सात बजे के करीब सूचना मिली कि छपरौला -बिश्ननूली मार्ग पर स्थित वीरेंद्र गुप्ता निवासी लक्ष्मीनगर दिल्ली की श्री श्याम जी इंडस्ट्रीज में आग लग गई। इसमें कूलर का पैड बनाने फैक्ट्री संचालित है। जिसमें अचानक आग लगने से धुंए का गुबार ऊपर उठता दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। आग की स्थिति विकराल होने के कारण सात दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जिनकी मदद से करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं के बारे में बताया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। जिले के तीनों जोन के थाना क्षेत्रों में अभियान के तहत महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि अगर वे घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं या कोई उन्हें बेवजह परेशान कर रहा है तो कहां और कैसे शिकायत करनी है। अभियान प्रदेश के सभी जिलों में बीते कई महीने से व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।

### गैंगस्टर रवि काना की अग्रिम जमानत रद करने को पुलिस ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** वसूली और धमकी के मामले में आरोपी गैंगस्टर रवि काना की अग्रिम जमानत निरस्त कराने नोएडा की सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस ने जिला अदालत में याचिका दाखिल की है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान विवेचना अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने अदालत द्वारा तय शर्तों का पालन नहीं किया। इसलिए अग्रिम जमानत रद की जाए। अब मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। गौतमबुद्धनगर की जिला अदालत ने 11 फरवरी 2026 को गैंगस्टर रवि काना को सशर्त अग्रिम जमानत दी थी। अदालत का आदेश था कि अग्रिम जमानत के सात दिन के भीतर आरोपित को संबंधित विवेचक के सामने उपस्थित होकर जांच में सहयोग करना होगा। शर्तों का उल्लंघन होने पर जमानत निरस्त करने की बात कही थी।

**पेश होना सुरक्षित नहीं:** अदालत के आदेश को लेकर रवि काना के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने एक प्रार्थना पत्र दाखिल कर विवेचक के समक्ष उपस्थित होने की शर्त में राहत की मांग की थी। तर्क था कि आरोपी को खतरा है, ऐसे में सीधे पुलिस के सामने पेश होना सुरक्षित नहीं है।

अदालत ने इस प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। रवि काना को 18 फरवरी से पहले सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस के सामने पेश होना था, लेकिन वह तय समय सीमा उपस्थित नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि उपस्थित नहीं होने का आरोपी ने कोई ठोस कारण नहीं बताया है, न ही जांच में सहयोग किया। इसी आधार पर अग्रिम जमानत रद करने की कार्रवाई शुरू की गई है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-50 में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसा 15 फरवरी को हुआ, लेकिन घायल युवक के पिता ने मामले की शिकायत अब सेक्टर 49 थाने में दी है। सेक्टर-26 निवासी विकास बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा आर्यन बंसल अपने दोस्त आदित्य शर्मा के साथ स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-62 की ओर जा रहा था। जब वह सेक्टर-50 स्थित वेस्टसाइड कपड़ों के शोरूम के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति से आई सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर गए और आर्यन बंसल को चोटें आईं। कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता की बेटे का अभी भी एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**घर से गहने समेत अन्य सामान चोरी नोएडा:** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला गांव स्थित एक घर से चोर गहने और नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। थाने में दी शिकायत में कलश ने बताया कि 13 फरवरी को वह सुबह करीब आठ बजे घर से निकली थीं। शाम करीब सवा छह बजे जब वापस लौटीं तो घर का दरवाजा खुला मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखे सोने की अंगूठी, सोने के कान के बाली और चांदी की एक पायल चोरी हो गई है।

## मोबाइल ऐप हैक कर कारोबारी से ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने कारोबारी का मोबाइल ऐप हैक कर करीब 12 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने में दी शिकायत में सचिन कुमार यादव ने बताया कि उनके भारत बटुक प्राइवेट लिमिटेड के मोबाइल ऐप बैंक खाते में बीते माह 13 जनवरी को सुबह आठ बजकर 43 मिनट पर अनधिकृत तरीके से बदलाव कर दिए गए। उनके नाम, ई-मेल, पैन नंबर और बैंक खाते की जानकारी बदल दी गई। इसके बाद खाते में रखा डिजिटल सोना और डिजिटल चांदी को बेचकर रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी गई। खाते से करीब 12 लाख रुपये की निकासी हुई। कुछ रकम निजी बैंक में संचा.लित एक कंपनी के खाते में और अन्य बैंकों के खातों में भेजी गई।

# शौक पूरे करने के लिए घरों में घुसकर सिलेंडर चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा फेज 3 पुलिस ने नशे की लत पूरी करने के लिए घरेलू सिलेंडर चुराने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग के लीडर समेत तीन बदमाशों को शुक्रवार रात सेक्टर 68 डंपिंग ग्राउंड के पास से पकड़ा गया। आरोपी चोरी के सिलेंडर बेचने की कोशिश करते समय पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर 20 चोरी के सिलेंडर, तीन मोबाइल फोन और एक हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

फेज 3 पुलिस शुक्रवार रात सेक्टर 68 डंपिंग ग्राउंड के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। जांच के दौरान उन्हें तीन संदिग्ध घरेलू सिलेंडर चोरों के बारे में पता चला। पुलिस टीम ने तीनों को पकड़ लिया। थाना इंचार्ज पुनीत सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के रुड़की के अंबर तालाब गांव के हर्षित, अलीगढ़ के इगलास के परता नंगला के धर्मेंद्र सिंह और उत्तराखंड के चंपावत के गडगोट गांव के दीप सिंह के रूप में हुई है। तीनों अभी नोएडा के मामूरा गांव में किराए पर रहते हैं। दीप सिंह गैंग का लीडर है। तीनों नशे के आदी हैं। वे कमरा ढूंढने के बहाने घरों की रेकी करते हैं। मौका मिलते ही वे घरेलू सिलेंडर चुरा लेते हैं। वे चोरी किए गए सिलेंडर इकट्ठा करके कबाड़ियों को बेच देते हैं।

वे उससे मिले पैसे आपस में बांट लेते हैं, और इससे अपने शौक और खर्चे पूरे करते हैं। वे करीब एक साल से सिलेंडर चुरा रहे हैं। उन्होंने पहले भी कई बार सिलेंडर चुराकर कबाड़ियों को बेचे हैं। वे एक और चोरी किया हुआ सिलेंडर कबाड़ी को बेचने की प्लानिंग कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही पकड़ लिया।

कबाड़ियों को ट्रैक करने में लगी है। पुलिस स्टेशन तीनों के मोबाइल नंबर और पूछताछ के आधार पर कबाड़ियों को ट्रैक करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने कुछ कबाड़ियों की पहचान कर ली है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेगी।

# रेस्टोरेंट में सिलेंडर लीकेज से लगी आग

■ महिला-बेटा भागते समय हुए जख्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर 10 स्थित स्थित कोको काउंटी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के भूतल पर संचालित नागपाल रेस्टोरेंट में सिलिंडर में लीकेज से रेगुलेटर में आग लग गई।

वहीं, आग की चपेट में आने से रेस्टोरेंट को दो कर्मी झुलस गए और एक ग्राहक महिला और उसका 17 साल का किशोर आग लगने के दौरान भागते समय गिरने से घायल हो गया। सभी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे के मुता.बिक, शुक्रवार दोपहर करीब 12.40 मिनट पर इकोटेक-तीन कोतवाली अंतर्गत सेक्टर 10 के फूड प्लाजा में सिलिंडर ब्लास्ट के कारण आग लगने की सूचना मिली। पुलिस ने राहत कार्य शुरू कराया। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही बिल्डिंग में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम से आग पर आनन-फानन काबू पा लिया गया। इससे हादसा टल गया। घायलों को अस्पताल भिजवाया। सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। गैस रिसाव और सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। रेस्टोरेंट प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है।




**महिला और उनका बेटा चोटिल हुए:** वहीं, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रेस्टोरेंट में गैस सिलिंडर लीक होने के कारण रेगुलेटर में आग लग गई थी। आग लगते ही तेज धमाका से रेस्टोरेंट के शीशे टूट गए। चपेट में आने से रेस्टोरेंट में काम कर रहे दो कर्मचारी झुलस गए और भागते समय के महिला और उनका बेटा चोटिल हो गए। इस घटना को लेकर आसपास के निवासियों का कहना है कि धमाके की आवाज से वह लोग फ्लैटों से बाहर निकल आए।

# डीएम मेधा रूपम ने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक महिला को अपने छोटे बच्चों के साथ काम करते देखा। बच्चों की स्थिति पर ध्यान देते हुए, जिलाधिकारी तुरंत उनके पास पहुंचीं।

जिलाधिकारी ने पाया कि महिला निर्माण कार्य में लगी थी, जबकि बच्चे पास में बैठे थे। उन्होंने तत्काल बच्चों को कपड़े दिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनका नजदीकी विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रशासन उनकी पढ़ाई का पूरा प्रबंध करे।

मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जिलाधिकारी सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं मौके पर मौजूद थीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (एडीएम) और उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी मेधा रूपम की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि बच्चों की शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## शारदा श्री सम्मान से सम्मानित किया गया

**नोएडा।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ ने शहर में रहने वाली प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं संस्कृतिविद डॉ॰ शांभवी शुक्ला मिश्रा को शारदा श्री सम्मान से सम्मानि किया। यह सम्मान कथक नृत्य के क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए दिया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ॰ भावना ग्रोवर ने अंगवस्त्रम प्रदान कर डॉ॰ शांभवी का अभिनंदन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित नाहर, विभागाध्यक्ष डॉ॰ भावना ग्रोवर एवं ललित कला संकाय के अध्यक्ष डॉ॰ पिंटू मिश्रा ने गायन के क्षेत्र में पंडित हरीदत्त शर्मा और वादन के क्षेत्र में प्रसिद्ध तबलावादक उस्ताद अकरम खान एवं नृत्य के क्षेत्र में डॉ शाम्भवी शुक्ला मिश्रा को शारदा श्री स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# इतिहास के पेपर को छात्रों ने बताया आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद में 60 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शनिवार को परीक्षा हुई। परीक्षा दो पालियों में में आयोजित की गई। पहली पाली में हाईस्कूल में गृहविज्ञान और इंटर में कई विषयों की परीक्षा हुई।

दूसरी पाली में इंटर की इतिहास की परीक्षा हुई। जनपद के साथ केंद्रो पर कठिनाई के बीच शनिवार को हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। गृहविज्ञान में 6224 में से 5857 छात्र शामिल हुए। 367 ने परीक्षा छोड़ी। वहीं, इंटरमीडिएट की इतिहास में 4257 में से 4036 छात्र ने परीक्षा दी। 2214 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी।

केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते समय छात्रों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। छात्रों ने बताया



कि पेपर बेहद ही आसान आया था, पहले की गई तैयारी से आसानी हुई। इतिहास के अधिकतम प्रश्न पाठ्यक्रम से आए थे। जिनके उत्तर देने में कोई परेशानी नहीं हुई। छात्रा सोनिका ने बताया कि प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार आया था, थोड़ी परेशानी बड़ा उत्तर लिखने वाले प्रश्नों में हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक राज.ेश कुमार सिंह ने बताया कि 60 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। किसी भी प्रकार की किसी भी केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है।

# सैमसंग इंडिया ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की

**गुरुग्राम।** भारत फरवरी, 2026 भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256**GB** से 512**GB** तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं।

SAMSUNG

प्री-रिजर्वेशन की सुविधा **Samsung-com**, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, **Amazon-in]** **Flipkart-com** और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा, प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। नई गैलेक्सी एस सीरीज को रोजमर्रा के कामकाज को आसान बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और डिवाइस हाथ में लेते ही 'गैलेक्सी एआई' को सहजता से अनुभव करने के लिए तैयार किया गया है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



04 वां रोज़ा इफ्तार
22 फरवरी रविवार
सुन्नी...................... 06:15
शिया...................... 05:39

05 वां रोज़ा सहरी
23 फरवरी सोमवार
सुन्नी...................... 06:28
शिया...................... 05:31



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में युवक की मौत

**रमजान के महीने में मौत से परिवार में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार की सवेरे दिल्ली देहरादून हाईवे संधावली कट के निकट एक बडा ही दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें एक युवक की जान चली गई। युवक ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर शेरनगर से मजदूरी के लिए आ रहा था कि अचानक जहां तेज गति से आए ट्रक (घोडे) से जोरदार भिडंत हो गई और ट्रेक्टर पर सवार युवक नीचे आकर ट्रक के पहियों मे फंसा गया जिससे उसकी गर्दन चकना चूर हो गई। रमजान के समय इस दर्दनाक हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के



समीपवर्ती गांव शेरनगर निवासी 35 वर्षीय मौ. तोसीन पुत्र दीन मौहम्मद सीमेंट के कट्टे और खाद के कट्टे की मजदूरी करता था। आज सवेरे तोसीन ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर अपने गावं से सरकूलर रोड के लिए चला था। जैसे ही वह ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर दिल्ली देहरादून हाईवे के संधावली कट के निकट पहुंचा तो अचानक ही तेज गति से आए ट्रक से उसकी भिडंत हो गई।

जोरदार टक्कर से तोसीन नीचे आकर गिरा और ट्रक के पहियों में उसका सिर फंस गया। जिससे पहियों के नीचे कुचलने जाने के कारण सिर चकना चूर हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक व चालक को अपने कब्जे में लिया। पुलिसने जैसे ही घटना की जानकारी परिवार वालों को दी तो रमजान के इस महीने में तोसीन के परिवार में को. हराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। तोस. ीन का पिता दीन मौहम्मद भी मजदूरी करता है और उसका बड़ा भाई राकीब एक दुकान पर मुनीम का काम करता है। फिलहाल घटना से पूरे गांव में शोक छाया हुआ है।

# रोडवेज व बारात की बस पलटी, कई घायल

## पुलिस ने बारातियों को पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** तितावी और चरथावल मार्ग पर अलग-अलग समय में दो घटनाएं हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए। चरथावल मार्ग पर बारात का वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें कई लोगों को चोटे आई और तितावी मार्ग पर रोडवेज बस खाई में पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और खाई में पलटी रोड बस को ट्रेक्टर-ट्रॉली व अन्य यंत्रों से बाहर निकाला गया।

शनिवार की सवेरे पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के चरथावल रोड पर बारात की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें कई बाराती घायल हुए है। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बारातियों को अस्पताल पहुंचाया। लोगों का कहना है कि गाडी की रफ्तार तेज थी। वहीं दुसरी और तितावी क्षेत्र में भी एक रोडवेज बस बताया जाता है कि शामली डीपो का बस चालक सुशील बस संख्या यूपी 19 एटी/1582 को लेकर शामली से मुजफ्फरनगी की ओर चला। बस में करीब 44 यात्री शामिल थे। जहां तितावी क्षेत्र में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि इस समय कोई यात्री घायल नहीं हुआ है, लेकिन सड़क किनारे खडा खम्भा क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों का कहना है कि खम्भा टूट जाने के कारण दोपहर से शाम तक (बोर्ड परीक्षा क के बीच) क्षेत्र की लाइट गुल रही। उधर पुलिस का कहना है कि चालक को अचानक ही दौरा पड़ने से घटना हुई है।





मुजफ्फरनगर:प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों के लाभार्थियों को चाबी सौंपते मंत्री।

## मंत्री ने पीएम आवास की लाभार्थियों को सौंपी चाबी

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को आयोजित एक गरिमामय में समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बनाए गए 224 आवासों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी गई। और उन्हे गृह प्रवेश का अधिकार प्रदान भी किया गया।

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यम शिलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने भोपा रोड स्थित प्रधानमंत्री योजना के तहत निर्मित 224 आवासों की चाबियां पात्र लाभार्थियों को दी गई।

# जल निगम की लापरवाही, मकानों में पड़ी दरारें

**जिलाधिकारी व एसएसपी ने मकानों का किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जल निगम की बडी लापरवाही के कारण सवा महीने पहले आधा दर्जन से भी अधिक मकानों में आई दरार के मामले को मुजफ्फरनगर जिले के डीएम उमेश मिश्रा ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। उन्होंने शनिवार को कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला शाहवाडा में मौके पर पहुंचकर उन गृहस्वामियों से अलग अलग बात की जिनके मकान जल निगम की लाप. रवाही से खिले हैं। उन्होंने इस संबंध में मौके पर मौजूद एसडीएम बुढाना ख्र ष्णकांत ब्विकर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट उनको भेजने को कहा और गृह स्वामियों को भी आ्वस्त करते हुए कहा कि जल निगम के जो भी अधिकारी और कर्मचारी इस प्रकरण में लापरवाह पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों से खिले हुए मकानों का मुआवजा दिलाया जाएगा। इस बारे में निरीक्षण करने से कुछ घंटे पहले ही नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल व भाजपा नेता हिमांशु संगल ने एक शिकायती पत्र डीएम उमेश मिश्रा को संपूर्ण समाधान दिवस में भी दिया। जिसमें लिखा है कि उनके वार्ड नंबर 17 में नाई वाली गली में जल निगम के द्वारा पाईप लाईन डालने के दोरान पुरानी लाईन टूट गई। जिसके कारण कई मकानों में दरारें आ गई। आपको लगभग सवा महीने पूर्व शिकायत की गयी तो आपने उसी दौरान मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए तीन



अधिकारियों की एक कमैटी तत्काल प्रभाव से गठित की लेकिन आज इस मामले को पूरा सवा महीना हो गया लेकिन कोई भी जांच आज तक नहीं की गयी। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संबंधित विभाग और ठेकेदार आपस में मिली भगत करते हुए इस मामले को लटका रहे हैं जबकि किसी भी समय खिले हुए मकानों के कारण कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच कराते हुए दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए सभी गृह स्वामियों को हुए नुकसान का मुआवजा भी दिलवाया जाए। इस दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसडीएम कृष्णकांत ब्विकर्मा, सभासद अजय संगल, युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल और लक्ष्मण चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने भी की थी डीएम से बात

**बुढ़ाना।** जल निगम की लापरवाही से खिले आधा दर्जन से भी अधिक मकानों का मामला जब पूर्व विधायक उमेश मलिक को पीड़ितों ने फोन पर बतलाया था तो वे कुछ ही घंटों बाद मौके पर पहुंचे थे और पीड़ितों से पूरी जानकारी लेकर फोन पर डीएम उमेश मिश्रा से बात की थी। उसके बाद भी सवा माह बीतने के बाद भी जब कोई कार्यवाही होती नहीं दिखी तो आज बुढ़ाना में आए डीएम को भाजपाईयों ने एक शिकायती पत्र दिया। तब जाकर डीएम मौके पर आए और लोगों को आ्वास्त किया।

# प्लॉट बिक्री को लेकर दरोगा पर धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पति-पत्नी पर आरोप पुलिस की जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** शुक्रताल में प्लॉट की खरीद-फरोख्त को लेकर धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने दरोगा व उसकी पत्नी पर धोखाधडी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी भूषण पुत्र चतरू ने बताया की उसने कुलदीप निवासी गांव मुथरा थाना चरथावल से शुक्रताल मे स्थित एक दौ सौ गज का प्लॉट का सौदा 15 लाख रुपये में किया था। आरोप है कि सौदे के तहत 5 लाख रुपये अग्रिम भुगतान के रूप में कुलदीप की पत्नी मंजू व एक अन्य पंकज निवासी शुक्रतारी के बैंक खाते के माध्यम से दिए गये बाकी की रकम बेनामे के दौरान देनी थी। आरोपी ने पीड़ित को प्लाट पर कब्जा भी करा दिया था।बैनामा आदि के लिए आरोपी टालमटोल करता रहा। प्लाट पर जब वह निर्माण कार्य कर रहा था तभी आरोपी अपने साथियो संग वहां आया और दबँगई करते हुए उसे वहां से भगा दिया। तहसील आधिकारियो से शिकायत करने पर जानकारी हुई की वह प्लाट किसी दूसरे व्यक्ति का है आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस मे दरोगा के पद पर है। आरोपी ली गयी रकम को वापस नहीं कर रहा है। मांगने पर दबँगई दिखाता है। पुलिस ने मामले मे संज्ञान लेकर आरोपी कुलदीप व उसकी पत्नी मंजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सरसो के तेल में मिलावट खोरी के आरोप में गिरफ्तार मालिक जेल पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारी मिलावट खोरी कर अधिक मुनाफा कमाने के आरोप में छापेमारी के दौरान पकडे गए काव्य ट्रेडिंग कम्पनी के मालिक को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया गया है।

यह कार्यवाही खाद्य विभाग की टीम सहारनपुर ने कार्यवाही की थी जहां भारी मात्रा में कलर व अरेंडी का तेल मिलाकर उसको बेचने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए खाद्य विभग की टीम ने इस फैक्ट्री पर सील भी लगा दी थी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि विक्रांत कुमार मित्तल पुत्र श्रवण कुमार मित्तल निवासी गढ़ी गौरवान मोतीमहल थाना शहर कोतवाली को जेल भेजा गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि विक्रांत मित्तल को काव्य ट्रेडिंग कम्पनी ग्राम वहलना से गिरफ्तार किया गया और उसके विरूद्ध धारा 274/275 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग सहारनपुर मण्डल ने छापेमार कार्यवाही करते हुए यहां से मिलावटी खोरी का जखीरा पकडा था जहां अरंडी रिफाईंड व अन्य तेल में रंग मिलाकर सरसों का तेल बनाकर बेचा जा रहा था। छापे के दौरान यहां से सरसों के तेल के ब्रांडिंड रैफर भी बरामद हुए थे।

यहां पर काफी समय से सरसों का तेल व राइस ब्रान में मिलावट खोरी हो रही थी। ऐसा आरोप भी सहारनपुर खाद्य विभाग की टीम ने लगाया है। खाद्य विभाग की टीम ने विक्रांत मित्तल को शुक्रवार को ही अपने कब्जे में कर खालापार कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया था।

# मकान की रजिस्ट्री को लेकर जानसठ तहसील में दो पक्षों मे घमासान



**सीओ जानसठ मौके पर, वरिष्ठ अधिवक्ता को आई चोटें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को जानसठ तहसील परिसर में मारपीट की घटना से यहां अफरा-तफरी मच गई। मामला एक मकान के बैनामे को लेकर शुरू हुआ और मामूली बात से शुरू हुई यह बात मारपीट मे बदल गई। दोनो ओर से हाथा पाई, लाथ घुसे चले जिसमें एक वरिष्ठ अधिवक्ता के घायल के होने की जानकारी आ रही है। घटना के बाद तहसील परिसर में काफी समय तक तनाव की स्थिति बनी रही। उधर सूचना के कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भी दोनो पक्षों को समझाने के लिए काफी मशक्कत की।

बताया जाता है कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी बुजुर्ग राजेन्द्र सिंह शनिवार को अपने मकान का बैनामा कराने के लिए जानसठ तहसील पहुंचे। इस दौरान उनकी बेटी संजू और दामाद प्रवीण भी वहां पहुंच गए। इतना हीं नही बैनामे की खबर सुनकर बेटी दामाद के अलावा अन्य रिश्तेदार और ससुराल पक्ष के लोग भी तहसील में पहुंच गए। यहां पहुंचते ही रजिस्ट्री का कड़ा विरोध होने लगा और दोनो ही पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां कुछ देर के लिए तनाव पूर्ण स्थिति बनी गई। इस बीच यहां पर आए एक सीनियर अधिवक्ता भी हमले में घायल हो गए। संघर्ष के दौरान अधिवक्ता के चोटे आने की सूचना आ रही है। सूचना के कुछ देर बाद ही क्षेत्राधिकारी जानसठ रूपाली राव भी जानसठ कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। काफी देर तक पुलिस को दोनो पक्षों को समझाने में बडी मशक्कत हुई। घायल अधिवक्ता को तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल भेजा। यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया जहां एसपी देहात आदित्य बंसल का कहना है कि सम्पत्ति की रजिस्ट्री कराने आए राजेन्द्र नामक और उनका दामाद और बेटी तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने विरोध किया। इसी बीच यह मारपीट हुई।

# 23 फरवरी से होगा मुजफ्फरनगर क्रिकेट लीग का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टी-20 वर्ल्ड कप की खुमारी के बीच ही अब जिले में क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट लीग 2026 (एमपीएल) का भव्य आगाज सोमवार की सुबह होने जा रहा है, जिसमें कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी, एक कोच तथा सहयोगी स्टाफ शामिल है। लीग में कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे और प्रतिदिन दो मैच आयोजित किए जाएंगे। लीग का खिताबी मुकाबला 13 मार्च को होगा। मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुण्डीर ने शनिवार को गणपति धाम नई मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एमपीएल-2 के आगाज की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार लीग का शुभारंभ 23 फरवरी से स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जा रहा है। इस क्रिकेट लीग का सीधा प्रसारण वैश्विक स्तर पर स्टे स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा। इसके लिए स्टेडियम में विशेष प्रसारण व्यवस्था स्थापित की गई है। साथ ही सभी मैचों में टीवी अंपायर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे नजदीकी और विवादित फैसलों का त्वरित एवं सटीक निर्णय लिया जा सके। मैच कार्यक्रम के अनुसार 12 मार्च को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 13 मार्च को फाइनल मैच आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि लीग की पिच को बेहतर बनाने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह के निर्देशन में विशेष तैयारी की गई है, ताकि खिलाड़ियों को अनुकूल खेल सतह मिल सके। लीग के ब्रांड एंबेसडर के रूप में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार और क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार जुड़े हुए हैं। वहीं सेमीफाइनल और फाइनल मुक. ाबलों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी अंत. रराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी निभाएंगे। स्कोरर के रूप में अपूर्व यादव और हरीश चौहान को नियुक्त किया गया है, जबकि एंटी करप्शन अधिकारी के रूप में कौशिक की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार लीग में पुरस्कार राशि भी आकर्षण का केंद्र है। फाइनल विजेता टीम को 2,50,000 की नकद राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच को 2,100 और फील्डर ऑफ द मैच को 1,100 रुपये का नकद का पुरस्कार दिया जाएगा। फाइनल में मैन ऑफ द मैच को 50,001 की विशेष पुरस्कार राशि मिलेगी, जबकि बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5,000-5,000 से सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन और फाइनल मुकाबलों में चौकों-छक्कों पर डीजे की धुन पर टीमों का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा। मनोज पुण्डीर के अनुसार, इसमें इस बार टीमों की संख्या को बढ़ाकर 12 किया गया है, यह लीग जिले की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और खेल संस्ख्रति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लीग में शामली और सहारनपुर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी विभिन्न टीमों में शामिल किया गया है, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। जिले के क्रिकेट प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी की निगाहें 13 मार्च को होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं। भीम सैन कंसल, भूपेन्द्र यादव, कुशलपाल सिंह, इन्दर माथुर, प्रवीण मलिक, योगेन्द्र मलिक, संजय शर्मा, ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, अजय जैन, अरविंद भारद्वाज, शिरीष वर्मा और आशीष भटनागर मौजूद रहे।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ० रिजवान अली
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ० मौहसिन अली
एम०बी०बी०एस० (एम०डी०)
डॉ० मौ० शुऐब
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
डॉ० जैनब इमान
एम०बी०बी०एस० (डी०जी०ओ०)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन

## 24 फरवरी को श्याम बाबा का होगा कीर्तन

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का चार दिवसीय 41 वां श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा (ध्वजा यात्रा) का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है, जिसमें मंगलवार 24 फरवरी 2026 को श्याम बाबा के कीर्तन का आयोजन नई मंडी रामलीला भवन में किया गया है जिसमें भजन गायिका तृप्ति लढा जयपुर से आएंगी और बाबा श्याम को एवं सभी श्याम प्रेमियों को अपने भजनों से रिझाएंगी। बुधवार 25 फरवरी को रामलीला भवन नई मंडी में होगा महंदी उत्सव जिसमें सभी श्याम प्रेमियों को श्याम नाम की मेंहदी लगाई जाएगी। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी बृहस्पतिवार 26 फरवरी 2026 को श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी जिसमें हजारों की संख्या में भक्त मनोकामना पूर्ति हेतु बाबा श्याम को निशाना चढ़ाएंगे। समिति इस वर्ष बाबा के प्रेमियों को 51 रूपये में निशान वितरित कर रहे है। निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर झांसी की रानी मालवीय चौक होते हुए गौशाला रोड पीठ बाजार बिंदल बाजार होते हुए गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। शुक्रवार 27 फरवरी को श्री रामलीला भवन निकट नई मंडी कोतवाली मुजफ्फरनगर पर श्री श्याम बाबा का फाल्गुन एकादशी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें वृंदावन से प्रसिद्ध भजन गायक एवं रसिक बाबा चित्र-विचित्र जी महाराज पधार रहे है जो बाबा को एवं बाबा के प्रेमियों को अपने भजनों से रिझाएंगे इस दिन आप सभी प्रेमियों को बाबा के भव्य दरबार एवं भव्य श्रृंगार के भी दर्शन होंगे। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लो. केश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग, विवेक बंसल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।



# सरधना का गंज बाजार बना तालाब

## व्यापारियों का फूटा गुस्सा, जंजीर बांधकर किया प्रदर्शन, नगर पालिका का पुतला फूंका





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर का मुख्य व्यापारिक केंद्र गंज बाजार इन दिनों जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। कालंद चुंगी से लेकर गंज बाजार तक सड़कों पर भरे गंदे पानी ने बाजार की रौनक छीन ली है। कई महीनों से चली आ रही इस समस्या के समाधान में नगर पालिका परिषद सरधना की नाकामी से नाराज व्यापारियों का शनिवार को गुस्सा फूट पड़ा। व्यापारियों ने जलभराव के बीच ही स्टूल और बेंच लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। कुछ व्यापारियों ने अपने हाथों में जंजीर बांधकर प्रतीकात्मक विरोध जताया और पालिका प्रशासन व चेयरपर्सन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### पहले भी कई बार उठ चुका है मामला

व्यापारियों ने बताया कि इस समस्या को पूर्व में तहसील दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष भी उठाया गया था। इसके बाद पालिका की ओर से नालों पर हुए अतिक्रमण हटाने और सफाई का अभियान चलाया गया, लेकिन वह कार्रवाई केवल औपचारिक साबित हुई। कुछ दिनों की राहत के बाद हालात फिर जस के तस हो गए। दुकानदारों का कहना है कि जलभराव के कारण ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को रोजाना फिसलन और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

### सफाई टीम को लौटाया, कालंद चुंगी पर फूंका पुतला

शनिवार को जब पालिका की टीम मौके पर सफाई करने पहुंची तो नाराज व्यापारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया और कहा कि अब केवल अस्थायी सफाई नहीं, स्थायी समाधान चाहिए। इसके बाद कालंद चुंगी पर पालिका का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस और व्यापारियों के बीच हल्की नोंकझोंक भी हुई, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही।

### कार्रवाई नहीं होने पर व्यापारियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन में हनीफ राणा, मनोज तालियान, पंकज जैन, अमित जैन, सद्दाम अंसारी, राज. कुमार सोम, परवेज राणा समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। व्यापारियों ने मांग की है कि गंज बाजार में नालों की चौड़ाई बढ़ाकर पक्की जलनिकासी व्यवस्था की जाए और स्थायी समाधान की समयसीमा सार्वजनिक की जाए, ताकि भविष्य में बाजार को इस समस्या से निजात मिल सके।

# देवनागरी महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देवनगरी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई बालिका वर्ग के सात दिवसीय शि. विर का प्राचार्य डॉ. अशोक राठी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद स्वयं सेविकाएं नगर के गांधारी सरोवर के लिए रवाना हुई जहां-जहां स्वयंसेविकाओं ने पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और लोगों को भी सफाई स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर चेयरमैन हिटलर त्यागी स्वामी विजयानंद सरस्वती व अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रूहेला ने स्वयं सेविकाओ को स्वच्छता की जानकारी दी और बताया कि यदि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य भी सही रहेगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर अनीता देवी ने भी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। वहीं छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे सभी ने सराहा।

# नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले मास्टर अजीज को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाज को नशे की दलदल से बचाने का संकल्प लेने वाले आजाद अधिकार सेना के मेरठ मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीज को थाना लिसाड़ी गेट पुलिस प्रशासन ने अवैध तरीके से उनके आवास पर नजरबंद कर दिया।

मास्टर अजीज रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी के मेरठ आगमन पर उन्हें नशे के बढ़ते अवैध कारोबार और बर्बाद होते युवाओं के भविष्य के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपने वाले थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें नजर बंद किया और किसी भी तरह का ज्ञापन देने के लिए पूरी तरह रोक दिया। मास्टर अजीज ने कहा कि शायद प्रशासन को नशे के सौदागरों से ज्यादा डर एक समाजसेवी की आवाज से लग रहा है। उन्हे घर में कैद किया जा सकता है, लेकिन उनके संकल्पों को नहीं। मेरठ के युवाओं को नशे के जहर से बचाने का उनका मिशन और भी मजबूती से जारी रहेगा। क्या प्रधानमंत्री को क्षेत्र की समस्या बताना अपराध है।

# भूनी गांव में आज होगा विराट हिन्दू सम्मेलन, प्रेसवार्ता में दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** सिवालखास विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूनी में 22 फरवरी, रविवार को दोपहर 12 बजे विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुरली वाला फार्म हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिन्दू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है और देशभर में 88 हजार हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया था, जो 22 फरवरी को पूर्ण होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भैया दास महाराज, पीठाधीश्वर कृष्ण स्वरूप महाराज, महामंडलेश्वर जलेश्वरानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर देव स्वरूप महाराज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा तथा सरधना जिला प्रचारक दीपक सहित कई संत महापुरुषों के आशीर्वचन प्राप्त होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संगठित हिन्दू, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में जिला कार्यवाहक संजय चौहान, जगदीश प्रमुख, रजनीश त्यागी, नितिन शर्मा, जोनी चौधरी, सुमित वाल्मीकि, योगेश गोस्वामी, सुनील चौधरी, राजू कश्यप व अरविंद जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूजीसी और आरक्षण मुद्दे पर विरोध तेज

# पीएम रैली में काला बनियान दिखाएगा युवा ब्राह्मण समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** युवा ब्राह्मण समाज संगठन ने यूजीसी और आरक्षण नीति को लेकर अपना विरोध तेज कर दिया है। संगठन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान के विरोध में उनसे मिलने का प्रयास किया, लेकिन मुलाकात न हो पाने पर संघ के शंकर आश्रम स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यालय प्रमुख दशरथ को उनके नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, स्थाई समिति के वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र गौतम, मंत्री पुनीत शर्मा, डॉ. आर.के. पचौरी, सौरभ दिवाकर शर्मा, आनंद भारद्वाज और रवि मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में University Grants Commission (यूजीसी) से जुड़े मुद्दों और पिछले 70 वर्षों से लागू आरक्षण व्यवस्था में अपेक्षित बदलाव न होने पर चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने मांग की है कि आरक्षण जाति के बजाय आर्थिक आधार पर लागू किया जाए। साथ ही संघ से समाज में समानता और एकता के अपने विचारों के अनुरूप जातिगत भेदभाव समाप्त करने की दिशा में पहल करने की अपील की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद स्थाई समिति सदस्य जितेंद्र गौतम ने बयान जारी कर कहा कि यूजीसी के विरोध में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री की रैली में संगठन के कार्यकर्ता काली बनियान पहनकर पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काली बनियान व काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज करेंगे।

### बाजारों में बड़ी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जैसे-जैसे ईद करीब आ रही है बाजारों में रौनक बड़ने लगी है। शनिवार को तीन रोजे पूरे हो गये बाजारों में शनिवार शाम महिलाओं का हुजूम देखने को मिला। अब यह भीड़ लगातार बाजारों में दिखेगी।

# शांति निकेतन विद्यापीठ के छात्र मुदित चौहान ने जेईई मेन में 99.39 परसेंटाइल हासिल कर रचा कीर्तिमान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांतिनिकेतन विद्यापीठ के मेधावी छात्र मुदित चौहान ने Joint Entrance Examination Main जेईई मेन में 99.39 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उनकी कठोर मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

शांतिनिकेतन विद्यापीठ परिवार के द्वारा मुदित चौहान को उनकी इस कामयाबी के लिए सम्मानित किया गया। मुदित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को दिया है, जिन्होंने निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने कहा कि मुदित की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुदित आगामी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थान ने भी मुदित के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय की कोऑर्डिनेटरस नीरू शिवाच, बीना गुणवंत, अलका पुंडीर, विस्मिता पटेल ने भी मुदित को उसकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। शांतिनिकेतन विद्यापीठ परिवार को अपने इस होनहार छात्र पर गर्व है और समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# कारों की भिड़ंत में दुल्हा-दुल्हन घायल

## ईसापुर-किठौर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, कार में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने अफरा-तफरी मचा दी। ग्राम ईसापुर के पास ईसापुर-किठौर मार्ग पर दो ईको कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शादी समारोह से लौट रही एक कार में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ईको कार ग्राम रह्मापुर, थाना हस्तिनापुर क्षेत्र से शादी समारोह से वापस लौट रही थी।

इस वाहन में राहुल पुत्र ज्ञानी सिंह निवासी ग्राम इतवारा, उनकी पत्नी पूजा, रवि पुत्र रोहतास निवासी सुभाष नगर हापुड़ दूल्हा, उनकी पत्नी पायल दुल्हन, शशि पत्नी हर स्वरूप निवासी मौसमगढ़, अनूपशहर जनपद बुलंदशहर, सीमा तथा चालक मनीष पुत्र काशी निवासी सुभाष नगर हापुड़ सहित चार बच्चे सवार थे। दूसरी ओर से आ रही ईको कार किठौर से राधना की ओर जा रही थी, जिसे मुजाहिद पुत्र मेजर निवासी राधना चला रहा था। टक्कर में मुजाहिद को सामान्य चोटें आई हैं। हादसे में दूल्हा रवि और दुल्हन पायल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर किया गया है। वहीं चालक मनीष की हालत भी गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें मेरठ स्थित लोटस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। आग पर काबू पाया गया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मेरठ में पीएम के आगमन पर हाईकोर्ट बेंच की मांग उठाएंगे अधिवक्ता



■ मेरठ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक कर लिया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष संजय शर्मा तथा संचालन महामंत्री राजेन्द्र सिंह राणा ने किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्षों, पूर्व महामंत्रियों, नव निर्वाचित पदाधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार 22 फरवरी को नरेन्द्र मोदी के मेरठ आगमन पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना की पुरजोर मांग उठाई जाएगी। बार एसोसिएशन ने कहा कि यदि प्रति. निधिमंडल को प्रधानमंत्री से वार्ता का समय नहीं दिया गया तो अधिवक्ता बिना वेशभूषा के अलग-अलग समूहों में कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अपनी मांग रखेंगे। साथ ही व्यापारी वर्ग एवं आमजन से भी समर्थन की अपील की जाएगी। रविवार को प्रातः 11:30 बजे अधिवक्ता पं. नानक चन्द सभागार में एकत्र होकर रैली स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके अतिरिक्त समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से भी हाईकोर्ट बेंच की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# जीस्केलर और एयरटेल ने शुरू किया एआई थ्रेट रिसर्च सेंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से Bharti Airtel ने संयुक्त रूप से AI एंड साइबर थ्रेट रिसर्च सेंटर इंडिया की स्थापना की घोषणा की है। इस पहल का लक्ष्य राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमता को मजबूत करना और दूरसंचार, बैंकिंग, ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन Gopal Vittal ने कहा कि कंपनी अपने ग्राहकों और देश के डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जीस्केलर के साथ यह साझेदारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं जीस्केलर के सीईओ और संस्थापक Jay Chaudhry ने कहा कि भारत जैसे विशाल डिजिटल ढांचे को पारंपरिक फायरवॉल और वीपीएन से सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसके लिए आधुनिक जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर की जरूरत है।

# आज प्रधानमंत्री की सभा स्थल के लिए एमएसबी कॉलेज से चार बसे होंगी रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज यानी रविवार को सुबह 10 बजे मोहद्दीनपुर मेरठ में RRTS नमो भारत और मेरठ मेट्रो के द्वितीय फेज का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होगा।

इसको लेकर सभी में जोश है सभा स्थल पर पहुंचने के लिए मलखान सिंह भारद्वाज कॉलेज भराला में संपर्क किया कॉलेज चेयरमैन डाक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि महाविद्यालय से 4 बसों के माध्यम से सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री अंकुर मुखिया, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, डॉ. दुर्गेश पालीवाल, उमेश शर्मा, शशि शर्मा, वनिता चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अनीता चौहान, संदीप विहान, नीरज विहान, नमन भारद्वाज, अम्बर चौधरी व अध्यापक मौजूद रहे।

# नमो भारत ट्रेन यूपी के विकास में मील का पत्थर साबित होगी: संजय चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश की पहली रीजनल रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम RRTS नमो भारत ट्रेन के दूसरे चरण का उद्घाटन आज रविवार को जनपद मेरठ में होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता संजय चौधरी ने सरधना विधानसभा क्षेत्र के गांव छबड़िया, चांदना सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें देश की इस आधुनिक परिवहन सौगात के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा नेता संजय चौधरी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन न केवल मेरठ और दिल्ली के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। संजय चौधरी ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा, यह हमारे जनपद के लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस विश्वस्तरीय सुविधा का लोकार्पण करने हमारे बीच आ रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जनसभा स्थल पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का आग्रह किया। इस अवसर पर मदनपाल, ब्रजपाल, ग्राम प्रधान अमरजीत, मनोज, श्रीपाल, यशपाल, नरेंद्र मास्टर, सुदेशपाल, भीम, बंटी, मन्नूपाल, डॉ. राजेंद्र, गुरुदेव, ललित सहित आदि कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीताराम मांझी पहुंचे हिम्स हॉस्पिटल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ केंद्रीय मंत्री जीताराम मांझी सिवाल खास के नगला कुंभ स्थित शुद्धि ग्राम पहुंचे और दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट हेड आशीष ग्रोवर मैनेजर अक्षय अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया और अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं उपचार के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मरीज से संवाद किया तथा संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सामग्री और आयुर्वेद को बारीकी से जाना। वहीं शुद्ध ग्राम की हरियाली और सातवां देखकर वह बड़े खुश हुए इस अवसर पर उन्होंने आचार्य मनीष द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में दिया जा रहा है योगदान तथा घर-घर आयुर्वेद पहुंच रहा है अभियान की विशेष सराहना की और कहा की यह प्रयास समाज के लिए आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही अच्छा कदम है आयुर्वेद भारत की खोज है और आयुर्वेद से पूरी दुनिया को लाभ मिल रहा है उन्होंने शुद्ध ग्राम में मरीजो को मिल रहे उपचार की भी सराहना की।

# मनसा देवी मंदिर में व्यापारियों ने किया हवन

■ कानून का बहाना लेकर व्यापारियों और सरकार के पीछे पड़े हैं लोकेश खुराना: विजय राघव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मनसा देवी मंदिर में किसान मजदूर संगठन के साथ मिलकर व्यापारियों के द्वारा हवन पूजन किया गया। संगठन के मेरठ महानगर अध्यक्ष विजय राघव ने बताया कि इस दौरान व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेरठ आगमन पर उनके स्वागत के साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

उन्होंने बताया कि आवास विकास के द्वारा जागृति विहार, सेंट्रल मार्केट, और माधवपुरम में बुलडोजर चलाये जाने की जो योजना बनाई गई है, हवन के दौरान प्रार्थना की गई कि संकट की इस घड़ी में ईश्वर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार और व्यापारियों को बाहर निकाले। हवन पूजन के दौरान यह प्रार्थना भी की गई कि अगर बुलडोजर की इस कार्रवाई के खिलाफ अगर आंदोलन करना पड़ा तो ईश्वर उन्हे उसकी शक्ति दे। ताकि वह अपने परिवार और व्यापार को बचा सकें। उन्होंने कहा कि यह गंभीर संकट का विषय है, जनता और सरकार दोनों को एक साथ मिलकर इस समस्या से लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि लोकेश खुराना कानून का बहाना लेकर व्यापारियों और सरकार दोनों के पीछे पड़े हुए हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। विजय राघव ने आगे कहा कि किसी भी बुद्धिजीवी और जिम्मेदार नागरिक के इस तरह के कार्य से अगर किसी का परिवार और व्यापार उजड़े तो ऐसे कानून की वकालत कतई जायज नहीं है। ऐसा करने से सरकार की छवि को धूमिल होती ही है, बल्कि आम नागरिक को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को प्रेसवार्ता कर फैक्ट्स एंड एविडेंस नोटिस लोकेश खुराना और उनके वकील को भेजा जाएगा। इसके अलावा 24 फरवरी को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एविडेंस रिलेटेड क्राइम रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इस दौरान बृजेश त्यागी, जगपाल सिंह बौद्ध, विकास चौहान, दुष्यंत शर्मा, प्रवीन शर्मा, विजय राघव, संजय तोमर, चंदन सिंह पलावत, रूपेश राघव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### गॉफ को तीन सेटों में हराकर स्वितोलिना एलिना फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला सिगल्स फाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट के कड़े सेमीफाइनल में कोको गॉफ को हराया। स्वितोलिना ने तीन घंटे और तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7 (13), 6-4 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी की कड़ी चुनौती को पार किया और इस दौरान कई मैच पॉइंट गंवाए। दूसरे सेट का मैराथन टाई-ब्रेक 15-13 से हारने के बावजूद, यूक्रेन की खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में हिम्मत बनाए रखी और जीत पक्की की और दुबई में अपने तीसरे और 2018 के बाद पहले फाइनल में पहुंची। स्वितोलिना ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि उस फाइट के बाद मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं थे।मैं सच में खुद को वहां झोंकने की कोशिश कर रही थी, और मैं ऐसे खेल रही थी जैसे कल है ही नहीं, बस पूरी कोशिश करने की कोशिश कर रही थी।

### रुब्लेव को हराकर कोर्लोस फाइनल में

**दोहा, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में पिछले चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव को सीधे सेटों में हराकर कतर ओपन 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने दोहा में लाइट्स में खेले गए एक करीबी मुकाबले में 7-6(3), 6-4 से जीत हासिल की और अपना छठा मैच पॉइंट बनाकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, अल्काराज ने 2026 में अपने बिना हारे रहने का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया और दोहा एटीपी 500 इवेंट के अपने पहले फाइनल में पहुंचे। अल्काराज ने कहा कि मुझे पता है कि जब भी मैं कोर्ट पर उतरता हूं तो मैं क्या कर सकता हूं, मैं क्या करने में काबिल हूं। जिस तरह से मैं हर मैच को अप्रोच कर रहा हूं, मुझे उस पर सच में गर्व है।

# भारत को दक्षिण अफ्रीका से मिलेगी कड़ी चुनौती

**टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में आज अहमदाबाद में होगा रोमांचक मुकाबला**




**अहमदाबाद, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर आठ स्टेज में रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सबसे रोमांचक मुकाबला होने वाला है। दोनों टीमें लीग स्टेज में हारी नहीं हैं, जिससे यह मुकाबला न सिर्फ पॉइंट्स के लिए बल्कि साइकोलॉजिकल फायदे के लिए भी जरूरी है। भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड से कॉन्फिडेंस के साथ मैदान में उतरेगा, उसने इस जगह पर अब तक खेले गए सभी सात टी-20 जीते हैं। हालांकि, प्रोटियाज टीम वापसी के मिशन पर है, उसने यहां अपने पिछले तीन टी-20 जीते हैं, जिससे यह साबित होता है कि कोई भी लय अछूती नहीं है। कहानी अनोखी है। घरेलू दबदबा बनाम अहमदाबाद की लाइट्स में शानदार फॉर्म में चल रही टीम इसे चुनौती देना चाहती है। भारत की बैटिंग ताकत शानदार रही है। ईशान किशन ने 176 रन बनाकर शुरुआत से ही हावी होने की अपनी काबिलियत दिखाई है। इस जगह के मास्टर सूर्यकुमार यादव ने छह मैचों में 162 रन बनाए हैं, जिससे अहमदाबाद जैसे सपाट ट्रैक पर स्थिरता और टाइमिग बहुत जरूरी है। शिवम दुबे ने फिनिशर की भूमिका निभाई है, उन्होंने 178 से अधिक की स्पीड से रन बनाए हैं, जो डेथ ओवरों में अच्छे स्कोर को मजबूत बनाने में सक्षम हैं। हालांकि, भारत की बल्लेबाजी लाइनअप के सामने चुनौतियां हैं। शीर्ष पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों की भारी मौजूदगी दक्षिण अफ्रीका के विविध गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कमजोरी हो सकती है, और अभिषेक शर्मा के रनों की कमी ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। अगर लाइनअप में मौका दिया जाए तो संजू सैमसन अहम भूमिका निभा सकते हैं, जो स्पिन-भारी मध्य ओवरों का सही जवाब दे सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, भारत एक संतुलित आक्रमण पर निर्भर है। वरुण चक्रवर्ती ने अब तक नौ विकेट लिए हैं, और अक्षर पटेल ने छह, जिससे स्पिन उनकी रणनीति का मुख्य आधार है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालते हैं, खासकर डेथ ओवरों में। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। अहमदाबाद में रात के मैचों से पता चला है कि चेज करने वाली टीमों को अक्सर थोड़ा फायदा होता है, और टॉस जीतने वाला कप्तान लाइट्स में हालात का फायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुन सकता है। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी उतना ही शानदार रहा है, जिसमें कंसिस्टेंसी और डेप्थ की पहचान है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे से लीड करते हुए 178 रन बनाए हैं, जबकि रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस ने टॉप पर उनका साथ दिया है। मिडिल ऑर्डर, जिसमें डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स हैं, में एक्सपीरियंस और अग्रेसन का मेल है, खासकर स्पिन के खलिाफ, और जरूरत पड़ने पर इनिंग्स को तेज कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बॉलिंग यूनिट में कुछ चिंताएं हैं, कगिसो रबाडा ने स्ट्रगल किया है, उन्होंने सिर्फ दो विकेट लिए हैं, लेकिन लुंगी एनगिडी अपनी वैरिएशन से जबरदस्त रहे हैं, उन्होंने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं। मार्को यानसन ने भी जरूरी मौकों पर ब्रेकथ्रू दिलाए हैं। प्रोटियाज को इंडिया की मजबूत बैटिंग लाइनअप को चैलेंज करने के लिए हर बॉलर से एक साथ परफॉर्म करने की जरूरत होगी। अहमदाबाद की पिच हाई-स्कोरिग मैच का वादा करती है। फ्लैट और सही, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है, पार स्कोर 200-210 के आसपास रहने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों को तेज गेंदों से कुछ मदद मिलेगी, और स्पिनर बीच के ओवरों को

## भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ विशेष प्लान बना रहे हैं मारक्रम

● **ऐडन मारक्रम ने बल्लेबाजी की बजाय गेंदबाजी पर ज्यादा पसीना बहाया व राउंड द विकेट लंबा स्पेल डाला**



**अहमदाबाद, वार्ता।** टी-20 विश्व कप में अब स्पिन गेंदबाजों का दबदबा साफ नजर आने लगा है। भारतीय टीम को इस बात का बखूबी अंदाजा है कि वह अब तक पावरप्ले में वह आक्रामक खेल नहीं दिखा पाई है, जो टूर्नामेंट से पहले द्विपक्षीय सीरीज में उसकी ताक़त हुआ करती थी।

अहमदाबाद में गुरुवार को हुए अभ्यास सत्र में रविवार को होने वाले सुपर-8 मुक़ाबले की रणनीतिक तैयारी साफ दिखी। ऐडन मारक्रम ने बल्लेबाजी की बजाय गेंदबाजी पर ज्यादा पसीना बहाया। उन्होंने राउंड द विकेट लंबा स्पेल डाला और पिच में मौजूद रफ वाले हिस्सों का फायदा उठाने की कोशिश की। मारक्रम ने कंसल्टेंट कोच एल्बी मॉर्कल को काफी देर तक गेंदें फेंकी। मॉर्कल ने भी स्पिन का सामना आक्रामक अंदाज में किया। वे जगह बनाकर इनसाइड आउट शॉट खेलने के अलावा लेंथ गेंदों पर सीधा प्रहार कर रहे थे।

यह ड्रिल साफ तौर पर टीम इंडिया की चुनौती से निपटने के लिए तैयार की गई थी। दक्षिण अफ्रीका की तैयारी यहीं नहीं रुकी। उन्होंने स्थानीय स्पिनरों को पिच पर हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करने को कहा, ताकि वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों के खतरे से निपटा जा सके। उनका मकसद बल्लेबाजों को अपनी ताकत से गेंद को दूर मारना और सीधे शॉट खेलने के लिए तैयार करना था। करीब एक घंटे बाद भारतीय नेट्स पर भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखा। वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर सहित ऑफ स्पिनरों ने बाएं हाथ के बल्लेबाजों को जमकर अभ्यास कराया। तिलक वर्मा, इशान किशन और रिकू सिंह ने स्पिन के खलिाफ लंबी बल्लेबाजी की। भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल ने कहा कि अच्छी बात यह है कि इन मुश्किल चरणों के बावजूद हम 190-200 का स्कोर बना पा रहे हैं। हमारी बोलिग यूनिट के रहते यह स्कोर मैच जीतने के लिए काफी है। ड्रेसिंग रूम में भी यही बात हो रही है कि धीमे दौर को समझदारी से निकालें और फिर तय करें कि किस ओवर से अटैक करना है।

## भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी-20 सीरीज**



**एडिलेड, वार्ता।** स्मृति मंधाना (82) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (59) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद श्री चरणी (तीन विकेट), श्रेयंका पाटिल और अरुंधति रेड्डी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 17 रनों से हराकर 2-1 से टी-20 सीरीज जीती। स्मृति मंधाना को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 32 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। जॉर्जिया वॉल (10), बेथ मूनी (छह) और एलिस पेरी एक रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय एश्ले गार्डनर ने फीबी लिचफील्ड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में श्री चरणी ने फीबी लिचफील्ड 17 गेंदों में 24 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम (12) को अरुंधति रेड्डी ने आउट किया। 16वें ओवर में रेड्डी ने अर्द्धशतक बना चुकी एश्ले गार्डनर को अपना शिकार बनाकर भारत की जीत पक्की कर दी। एश्ले गार्डनर ने 45 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। ग्रेस हैरिस (एक रन) को श्री चरणी ने आउट किया। कप्तान सोफी मोलिन्यू (छह) भी श्री चरणी का शिकार बनी। 18वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने ऐनाबेल सदरलैंड (14) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 17 रनों मुकाबला हार गई। भारतीय टीम के लिए श्री चरणी ने तीन, श्रेयंका पाटिल और अरुंधति रेड्डी ने दो-दो विकेट लिए। रेणुका सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को किम गार्थ ने तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा (सात) को आउट कर पहला

## हमें पूरी उम्मीद, हम भारत पर दबाव बना पाएंगे : कॉनराड

● **दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच के तौर पर अपने पहले ही सीमित ओवरों के बड़े टूर्नामेंट में कॉनरॉड के सामने सबसे कड़ी चुनौती है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** शुक्री कॉनराड के लिए टी-20 विश्व कप का असली रोमांच अब शुरू हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच के तौर पर अपने पहले ही सीमित ओवरों के बड़े टूर्नामेंट में कॉनराड के सामने सबसे कड़ी चुनौती है। सुपर 8 के पहले ही मुक़ाबले में उनका सामना टीम इंडिया से है।

इस मैच को वह टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा मैच मान रहे हैं। उनके मुताबिक़ पहला लक्ष्य यहां तक पहुंचना था और अब यहां से खेल का आनंद लेना है। कॉनराड ने कहा कि ग्रुप स्टेज का शुरुआती दौर मेरे लिए घबराहट भरा था, लेकिन अब सिर्फ उत्साह है। टूर्नामेंट क्रिकेट मोटे तौर पर तीन हिस्सों में बंटा होता है। सबसे बड़ी चुनौती ग्रुप स्टेज की बाधा पार करने की थी, जो हमने कर लिया। अब हमारे सामने पहले भारत है और फिर वेस्टइंडीज है। इनके पास दुनिया के सबसे धाकड़ और मनोरंजक खिलाड़ी हैं। यह बात मुझे काफी उत्साहित करती है। सुपर 8 के अपने सफर का अंत दक्षिण अफ्रीका अपने पड़ोसी जिम्बाब्वे के खलिाफ करेगा।

मुमकिन है कि तब तक सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो जाए, इसलिए अहमदाबाद में होने वाले अगले पांच दिन बेहद अहम रहने वाले हैं। रविवार को यहां खचाखच भरा हुआ स्टेडियम देखने को मिल सकता है। न्यूजीलैंड के खलिाफ इसी मैदान पर क़रीब 55,000 दर्शक पहुंचे थे, लेकिन इस बार यह तादाद दोगुनी होने की उम्मीद है। मैच काली मिट्टी की पिच पर होना है, जो धीमी रह सकती है और यहां स्पिनरों का रोल बड़ा हो जाएगा। हालात को देखते हुए पलड़ा भले ही भारत का भारी लगे।

## श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को हराया

**जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बढ़त बना ली**




**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** हसिनी परेरा (61), हर्षिता समरविक्रमा (66) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद इनोका राणावीरा (चार विकेट) और कविशा दिलहारी (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 10 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने 49-4 ओवर में 230 रन पर समेट कर 10 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 80 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। कियाना जोसेफ(13), कप्तान हेली मैथ्यूज (13), शेमाइन कैम्पबेले (12), चिनेल हेनरी (एक) और डिएंड्रा डॉटिन 14 रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय स्टेफनी टेलर और जैनिलेया ग्लासगो की जोड़ी ने पारी को संभाला और रन भी बटोरे। 40वें ओवर में स्टेफनी टेलर के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। स्टेफनी टेलर ने 85 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 66 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में इनोका राणावीरा ने जैनिलेया ग्लासगो को आउटकर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद शॉनिशा हेक्टर (13), एफी फ्लेचर 12 रन बनाकर आउट हुई। 50वें ओवर की चौथी गेंद पर कविशा दिलहारी ने करिश्मा रामहरक (शून्य) को आउट कर मैच श्रीलंका की झोली में डाल दिया। श्रीलंका के लिए इनोका राणावीरा ने चार विकेट और कविशा दिलहारी ने तीन विकेट लिए। माल्की मदारा, देवमी विहंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 240 का स्कोर बनाया। हसिनी परेरा और कप्तान चामरी अटापट्टू की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 12वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने चामरी अटापट्टू (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई हर्षिता समरविक्रमा ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में आलिया एलेन ने अर्द्धशतक बना चुकी हसिनी परेरा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हसिनी परेरा ने 86 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 61 रनों की पारी खेली। 42वें ओवर में करिश्मा रामहरक ने हर्षिता समरविक्रमा को अपना शिकार बना लिया। हर्षिता समरविक्रमा ने 105 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 66 रन बनाए। नीलक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी (22-22) और देवमी विहंग 14 रन बनाकर आउट हुई। वेस्टइंडीज के लिए करिश्मा रामहरक और हेली मैथ्एज ने दो-दो विकेट लिए।

## न्यूजीलैंड में टी-20 सीरीज के लिए द. अफ्रीका को लीड करेंगे केशव

● **पांच मैचों की सीरीज 25 मार्च को खत्म होगी व आईपीएल के 26 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज 15 मार्च से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम को लीड करेंगे, जो भारत और श्रीलंका में 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के खत्म होने के एक हफ्ते बाद होगी।

पांच मैचों की सीरीज 25 मार्च को खत्म होगी, और आईपीएल के 26 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है, इसलिए टी-20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा रहे कई द. अफ्रीकी खिलाड़ियों को टूर से ब्रेक दिया गया है। महाराज, जॉर्ज लिडे और जेसन स्मिथ ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी इंडिया में हैं और न्यूजीलैंड जाएंगे। टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ी हैं: कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना। जॉर्डन हरमन रुबिन हरमन के भाई हैं, जो टीम में भी हैं, जबकि ईथन बॉश कॉर्बिन बॉश के छोटे भाई हैं। 19 साल के मोकोएना 2026 ।20 में संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने पार्ल रॉयल्स के लिए 14.76 के स्ट्राइक रेट से 13 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन और गेराल्ड कोएत्जी, जिन्हें टी-20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल नहीं किया गया था, उन्हें चुन लिया गया है, और टोनी डी जोरजी चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के हेड कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि यह सीरीज ज्20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद हो रही है, इसलिए उस टीम के ज्यादातर खिलाड़ी घर लौट जाएंगे, जिससे इस ग्रुप के खिलाड़ियों के लिए इंटरनेशनल माहौल में कदम रखने और यह दिखाने का शानदार मौका मिलेगा।

## वैष्णवी अडकर सीधे सेट में जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची

● **भारत की वैष्णवी अडकर ने केपीबी ट्रस्ट विमेंस ओपन आईटीएफ डब्ल्यू100 बेंगलुरु मुकाबले में तरारुडी को हराया**



**बेंगलुरु, वार्ता।** लय, तनाव और टैक्टिकल कहानी कहने के टेनिस सिम्फनी की तरह हुए इस मैच में, भारत की वैष्णवी अडकर ने केपीबी ट्रस्ट विमेंस ओपन आईटीएफ डब्ल्यू100 बेंगलुरु मुकाबले में थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 1 घंटे 6 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3,6-3 से हरा दिया, क्योंकि युवा भारतीय स्टार ने क्लिनिकल सटीकता और लड़ने की भावना के साथ फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट की शुरुआत तरारुडी ने वैष्णवी की सर्विस तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली, इसके बाद कई कड़ी रैलियां जीतीं जहां वैष्णवी को डिफेंसिव पोजशिन में धकेल दिया गया। उन्होंने तुरंत जवाब दिया, धैर्यपूर्वक बेसलाइन कंस्ट्रक्शन के साथ सर्विस को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच में कई कड़े मुकाबले हुए और दोनों खिलाड़ियों के बीच मोमेंटम पेंडुलम की तरह घूमता रहा। वैष्णवी ने फिर से अपनी सर्विस बचाकर 2-1 की बढ़त बना ली, लेकिन तारारुडी ने एक और सर्विस गेम जीतकर वापसी करते हुए स्कोर 2-2 कर लिया। उतार-चढ़ाव वाला मुकाबला जारी रहा और वैष्णवी 3-2 पर आ गई, लेकिन तारारुडी ने जवाब दिया और स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। सेट के बीच के हिस्से में वैष्णवी ने तेज शॉट प्लेसमेंट और कोर्ट में गहरी पैठ के साथ अपना दबदबा बनाना शुरू किया। उन्होंने भारी ग्राउंडस्ट्रोक प्रेशर के कारण गलतियां करने के बाद अपनी सर्विस बचाकर 4-3 की बढ़त बना ली।

## मजबूत इंग्लैंड से लड़ने के लिए तैयार अंडरडॉग्स श्रीलंका

**पथुम निसंका ने अपनी टीम को शानदार और अधिकार के साथ आगे बढ़ाया, उन्होंने चार पारियों में 199 रन बनाए हैं**




**पल्लेकेले, वार्ता।** क्रिकेट में, जिंदगी की तरह, कुछ लड़ाइयां कभी भी स्कोरकार्ड पर नंबरों के बारे में नहीं होतीं, वे जोश, विश्वास और मुश्किलों से लड़ने की इच्छा के बारे में होती हैं। यही कहानी श्रीलंका की कल पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मुकाबले में दिखाई देगी। कागज पर, इंग्लैंड एक मजबूत टीम के रूप में आया है। उनके नाम जाने-पहचाने हैं, उनके टैलेंट को कोई नहीं हरा सकता, और इस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन क्रिकेट का एक अजीब तरीका है यह याद दिलाने का कि सबसे बड़ी चुनौतियां अक्सर सबसे असली किरदार को सामने लाती हैं। और श्रीलंका के पास, अपने घरेलू मैदान पर, ऐसी ही एक कहानी लिखने का मौका है। पथुम निसंका ने अपनी टीम को शानदार और अधिकार के साथ आगे बढ़ाया है। चार पारियों में उनके 199 रन, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शानदार सेंचुरी भी शामिल है, न केवल स्किल, बल्कि मिजाज भी दिखाते हैं - जब सबसे ज्यादा जरूरत हो तब उठ खड़े होने की दुर्लभ क्षमता। फिर भी क्रिकेट कभी भी वन-मैन शो नहीं होता।

मिडिल ऑर्डर का नाजुक बैलेंस, कुसल मेंडिस के मजबूत हाथ और पवन रत्नायके का उभरता हुआ टैलेंट इस टीम को गहराई देते हैं। हर खिलाड़ी का अपना रोल होता है, और इन रोल्स के तालमेल से ही, जो अक्सर आम दर्शक नहीं देख पाते, मैच जीता या हारा जाएगा। इंग्लैंड, जो कई मामलों में मजबूत है, ने अच्छी स्पिन के सामने कमजोरी दिखाई है। उनके ओपनर - फिल सॉल्ट और जोस बटलर - अच्छी शुरुआत को दबदबे में बदलने के लिए जूझते रहे हैं, जिससे वे पारी को संभालने के लिए मिडिल ऑर्डर पर निर्भर हो गए हैं। अपनी जैसी टीम के लिए, यह एक कमी है, और यहीं पर श्रीलंका के स्पिनरों को अपना मौका मिल सकता है। महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, और दुनिथ वेल्लालेगे इस टूर्नामेंट में पहले ही कुल मिलाकर 21 विकेट ले चुके हैं, और ऐसे हालात में जहां टर्न और अलग-अलग बाउंस मिलता है, वे सिर्फ बॉलर ही नहीं हैं( वे कहानी सुनाने वाले हैं, जो एक-एक गेंद पर खेल की कहानी को आकार देते हैं। पल्लेकेले की पिच, जो आम तौर पर बैटिंग के लिए अच्छी होती है, उन लोगों के लिए सम्मान की मांग करती है जो खुद को ढाल सकते हैं। पेसरों के लिए शुरुआती मूवमेंट, बाद में स्पिनरों के लिए ग्रिप, और एक तेज आउटफील्ड जो टाइमिग और प्लेसमेंट को इनाम देती है, ए वो बारीकियां हैं जो हावी होने वालों को उन लोगों से अलग करेंगी जो सिर्फ हिस्सा लेते हैं।

# 86 देशों और दो वैश्विक संस्थाओं ने 'नई दिल्ली घोषणा' का किया समर्थन

## शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया

■ **86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है**

**नई दिल्ली।** इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में अपनाई गई 'नई दिल्ली घोषणा' का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। केन्द्रीय मंत्री ने सम्मेलन के समापन पर शनिवार को मीडिया संबोधित करते हुए कहा कि यह सहयोगात्मक, विश्वसनीय और समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ढांचे के लिए भारत के दृष्टिकोण को मजबूत वैश्विक समर्थन है।

शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया है। इसमें भाग लेने वाले देशों ने समान और न्यायसंगत पहुंच, जिम्मेदार नवाचार तथा सुदृढ़ एआई प्रणालियों के लिए साझा रोडमैप का समर्थन किया। वैष्णव ने कहा कि घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को स्वीकार किया है। घोषणा का समर्थन करने वालों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी सहित कई बडे देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि एआई इम्पैक्ट समिट की घोषणा पर कुल 88 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है।

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' वैश्विक दक्षिण में आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था, जिसमें एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार किया गया। यह 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत के अनुरूप रहा। इस शिखर सम्मेलन ने समानता, पहुंच और साझा समृद्धि पर आधारित 'सभी के लिए एआई' के भारत के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक एआई शासन में भारत को अग्रणी स्थान पर स्थापित किया। घोषणा में सात स्तंभों पर आधारित कार्य एजेंडा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, जन संसाधन विकास तथा सुदृढ़ और नवोन्मेषी एआई प्रणालियां शामिल हैं। साथ ही 'चार्टर फॉर डेमोक्रेटिक डिफ्यूजन ऑफ एआई', 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट कॉमन्स', 'ट्रस्टेड एआई कॉमन्स' और 'एआई वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्लेबुक' जैसी वैश्विक पहलों की भी घोषणा की गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सभी ने एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण करने पर सहमति जताई है ताकि इसके लाभ और तकनीक दुनिया भर में, समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 16 से 20 फरवरी तक यहां भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें नवाचार और कुशल मानव संसाधन विकास को भविष्य के सहयोग के प्रमुख स्तंभों के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ध्यान में रखना होगा। सुरक्षा और विश्वास को केंद्रीय बिदु बनाया गया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा था कि इस शिखर सम्मेलन में 250 अरब डॉलर से अधिक के अवसंरचना निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, विश्व की प्रमुख एआई कंपनियों और अनेक स्टार्टअप ने अपने कार्य का प्रदर्शन किया तथा चर्चाओं की गुणवत्ता अत्यंत उत्कृष्ट रही।



जम्मू-कश्मीर। गांदरबल में सफापोरा-गांदरबल सड़क पर संदिग्ध वस्तु का पता चलने के बाद इलाके को घेरते सुरक्षाबल।

## एआई का विकास मानवाधिकारों की नींव पर हो: संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तकनीक का संचालन एक ऐसे मानवाधिकार ढांचे के माध्यम से किया जाना चाहिए जो पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता सुनिश्चित करे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समाचार संकलन सेवा को दिए एक साक्षात्कार में एआई को एक शक्तिशाली तकनीकी उपकरण बताते हुए कहा कि इसका विकास 'जोखिम मूल्यांकन' के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि तकनीक का उपयोग सत्ता के प्रयोग के लिए किया जाता है, चाहे वह अच्छे के लिए हो या बुरे के लिए, इसलिए इसे मानवाधिकारों के दायरे में लाना आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया भर के स्कैम केंद्रों में यातना, यौन शोषण: संरा

**न्यूयॉर्क/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक नई रिपोर्ट में दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्रों में संचालित बहु-अरब डॉलर के ऑनलाइन स्कैम केन्द्रों के भीतर हो रहे भीषण मानवाधिकार उल्लंघनों का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन केन्द्रों में हजारों लोगों को मानव तस्करी के जरिए लाया जाता है और उन्हें यातना, यौन उत्पीड़न, जबरन श्रम तथा साइबर अपराधों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

### इजरायली हवाई हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इजरायल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिजबुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। सरकारी और लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज्यादा लोग मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हो गए।

### कथित ड्रग तस्कर नाव पर अमेरिका का हमला, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की दक्षिणी कमान ने कहा है कि अमेरिकी सैन्य बलों ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदेहास्पद ड्रग बोट पर हमला किया, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया सेवाओं ने पुष्टि की है कि जहाज पूर्वी प्रशांत में सर्वविदित मादक पदार्थ तस्करी रास्ते से जा रहा था और तस्करी अभियान में लगा हुआ था। कमान ने अपने दावे का कोई सबूत नहीं दिया। बयान में बताया गया कि किसी भी अमेरिकी सैन्य बल को कोई नुकसान नहीं हुआ। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, पेंटागन ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्कर जहाजों पर कम से कम 43 हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 148 लोगों की जान गई हैं।

# भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प का टैरिफ खेल

## बने ऐतिहासिक फैसले का चेहरा, कहा: टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को



■ **सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है**
■ **अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को असंवैधानिक करार देकर बड़ा फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल का नाम उभरा, नील कात्याल। नील ने ही अदालत में ट्रम्प के उस कदम को चुनौती दी, जिसमें 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट यानी आईईईपीए का इस्तेमाल कर लगभग सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाए गए थे।

नील कात्याल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि राष्ट्रपति ने आपात आर्थिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, न कि राष्ट्रपति को। कात्याल ने इन टैरिफ को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक टैक्स बताया। सुप्रीम कोर्ट ने छह-तीन के बहुमत से कहा कि संविधान के तहत टैक्स लगाने की शक्ति कांग्रेस के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है। अदालत ने हमारी कानूनी दलीलों को पूरी तरह स्वीकार किया। अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी। यह मामला किसी एक राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं है। ये मामला शक्तियों के संतुलन और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा से जुड़ा था। यह मामला छोटे अमेरिकी कारोबारियों द्वारा दायर किया गया था, जिन्हें लगा कि टैरिफ से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक दबाव का जरूरी कदम बताया था।

लेकिन अदालत ने साफ कहा कि आपात शक्तियों के नाम पर राष्ट्रपति व्यापक टैक्स नहीं लगा सकते। नील कात्याल का जन्म शिकागो में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर हुआ। उनके पिता इंजीनियर और माता डाक्टर थीं। उन्होंने डार्टमाउथ कालेज और येल ला स्कूल से पढ़ाई की। वह अमेरिका के कार्यवाहक सालिसिटर जनरल रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में 50 से अधिक मामलों में पैरवी कर चुके हैं। वह कई बड़े संवैधानिक मामलों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। कात्याल वर्तमान में मिलबैंक एलएलपी में साझेदार हैं और जार्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1965 के वोटिंग राइट्स एक्ट की संवैधानिकता का बचाव किया, ट्रम्प के 2017 ट्रैवल बैन को चुनौती दी और कई राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

वह जार्ज फ्लायड हत्या मामले में मिनेसोटा राज्य के विशेष अभियोजक भी रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भविष्य में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की आपात आर्थिक शक्तियों के इस्तेमाल पर सीमा तय करता है। कात्याल ने कहा कि एक प्रवासी परिवार का बेटा अदालत में खड़ा होकर कह सकता है कि राष्ट्रपति कानून तोड़ रहे हैं, और अदालत उसे सुनती है, यही लोकतंत्र की ताकत है। यह फैसला अमेरिकी संविधान और शक्तियों के संतुलन के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

## टैरिफ से वसूला हुआ पैसा वापस होना चाहिए: अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प की व्यापार नीति पर सियासी घमासान और तेज हो गया है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को गैरकानूनी बताते हुए साफ कहा है कि जो पैसा वसूला गया है, वह लौटाया जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2026 को ट्रम्प की व्यापक वैश्विक टैरिफ नीति को 6-3 के बहुमत से अवैध करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से आगे जाकर फैसला लिया। सीनेटर शूमर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो कानून के अनुसार सही था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प ने देश से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। मैन्युफैक्चरिंग नौकरियां बढ़ने के बजाय घटी हैं। कीमतें कम होने की जगह बढ़ी हैं। शूमर के अनुसार, टैरिफ के कारण आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने अपने भाषण में बढ़ती कीमतों पर कोई बात नहीं की और न्यायाधीशों पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, जो गलत है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत ट्रम्प ने जो व्यापक टैरिफ लगाए, वह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। अदालत ने स्पष्ट किया कि टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। इस फैसले को ट्रम्प की व्यापार नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जब शूमर से पूछा गया कि अगर पैसा वापस नहीं किया गया तो क्या होगा, तो उन्होंने कहा कि अदालत में मिलेंगे। उनका कहना है कि अगर टैरिफ अवैध हैं तो उससे वसूला गया पैसा भी अवैध है और उसे लौटाना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प कई मामलों में कानून की अनदेखी करते रहे हैं, लेकिन अदालतों ने उन्हें कई बार जिम्मेदार ठहराया है। इस फैसले के बाद अमेरिका में व्यापार नीति, महंगाई और राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। कई सांसदों ने फैसले का स्वागत किया है, जबकि कुछ ने चिंता जताई है कि इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या सरकार टैरिफ से वसूली गई रकम लौटाएगी और आगे की नीति क्या होगी। यह मामला आने वाले समय में अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों पर असर डाल सकता है।

## निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ

**वाशिंगटन।** साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस आफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका लगातार ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम कर पा रहा था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत का ग्लोबल टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि भविष्य में अगर ऐसी आर्थिक आपात स्थिति आती है, तो राष्ट्रपति के पास ऐसी चीजों से निपटने के लिए कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में 'ट्रेड एक्ट 1974' पारित किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सेक्शन 122 का पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसलिए यह भी साफ नहीं है कि अगर इसे अदालत में चुनौती दी गई, तो अदालतें इसकी व्याख्या किस तरह करेंगी।

# ईरान जल्द परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगा: अराघची

## दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत

■ **एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा**

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान पर 'सीमित सैन्य हमले' करने पर विचार कर रहे हैं।

अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है। यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक 'न्यायपूर्ण और बराबरी वाला' समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति 'बिल्कुल अनावश्यक और अस्वस्थ' है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने शुक्रवार को ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ अलग-अलग फोन कॉल किए। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक 'स्वीकार्य' खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद 'अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना' है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है। ईरान के संरा राजदूत आमिर सईद इरावानी ने कहा कि देश किसी भी सैन्य हमले का 'दृढ़ता से और उसी हिसाब से' जवाब देगा। उन्होंने सुरक्षा परिषद और संरा महासचिव से 'बिना देर किए कार्रवाई करने' की अपील की।

## हिंसक कार्यकर्ता समूहों पर फ्रांस की बड़ी कार्रवाई



■ **इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया**

**ल्योन।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले सप्ताह हिंसक कार्यकर्ता समूहों की समीक्षा के लिए बैठकें करेंगे। यह बैठक ल्योन में एक धुर दक्षिणपंथी छात्र की पिटाई से हुई मौत के बाद आयोजित की जा रही है।

इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया है। पेरिस कृषि मेले में बोलते हुए मैक्रों ने शनिवार को दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आयोजित क्वेंटिन डेरांके को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम से पहले सभी से शांत रहने का आह्वान किया। क्वेंटिन डेरांके 23 वर्षीय युवक था, जिसकी पिछले सप्ताह अस्पताल में दिमाग की चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। ये प्रदर्शन कड़ी पुलिस निगरानी में होंगे। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह उस शहीद युवा देशवासी के उसके परिवार और प्रियजनों के प्रति स्मरण और सम्मान का क्षण है। यह सर्वोपरि है। यह दृढ़ता और जिम्मेदारी का क्षण है। क्वेंटिन डेरांके की मौत के मामले में सात लोगों पर प्रारंभिक आरोप लगाए गए हैं। ल्योन के लोक अभियोजक कार्यालय ने अनुरोध किया है कि उनमें से प्रत्येक पर जानबूझकर हत्या, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया जाए। आरोपियों में से छह पर तीनों आरोप लगाए गए थे। सातवें पर जानबूझकर हत्या में मिलीभगत, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। डेरांके पर हमला एक छात्र सम्मेलन के दौरान धुर वामपंथी और धुर दक्षिणपंथी समर्थकों के बीच झड़प में हुआ था। इस कार्यक्रम में धुर वामपंथी सांसद रीमा हसन मुख्य वक्ता थीं। मैक्रों ने कहा कि वे मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे ताकि राजनीतिक दलों से जुड़े सभी हिंसक कार्यकर्ता समूहों की व्यापक समीक्षा की जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि कुछ समूहों को भंग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी प्रकार की हिंसा जायज नहीं है।

# यूक्रेन ने रूस की मिसाइल फैक्टरी पर किया ड्रोन हमला

■ **वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई**

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते चार वर्षों से जंग जारी है। इसी कड़ी में यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के अंदर एक औद्योगिक ठिकाने को निशाना बनाया। एक रूसी समाचार चैनल ने बताया कि यह जगह एक प्रमुख सरकारी मिसाइल फैक्टरी थी।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री सर्गेई बागिन ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में बताया, यह हमला रूस के उडमर्ट गणराज्य में हुआ। हमले में 11 लोग घायल हुए। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर ब्रेचालोव ने एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में कहा, उडमर्ट गणराज्य की एक सुविधा पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को चोटें आईं और नुकसान हुआ। हालांकि, उन्होंने हमले के स्थल का नाम या और कोई विवरण साझा नहीं किया। टेलीग्राम पर एक रूसी समाचार चैनल 'एस्ट्रा' ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने वोटकिन्स्क मशीन बिल्डिंग प्लांट को निशाना बनाया, जो एक प्रमुख सरकारी रक्षा उद्यम है। एस्ट्रा ने कहा कि उनका यह दावा स्थानीय निवासियों के फुटेज के विश्लेषण पर आधारित है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई। वोटकिन्स्क फैक्टरी यूक्रेन से 1400 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर है। यह फैक्टरी इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें बनाती है, जिन्हें अक्सर यूक्रेन के खिलाफ हमलों में इस्तेमाल किया जाता है। यह फैक्टरी परमाणु क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें भी बनाती है। एक अन्य रूसी समाचार चैनल ने वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। इन फुटेज में औद्योगिक स्थल से काला धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा था और भवनों के शीशे टूटे हुए थे। एक अन्य रूसी टेलीग्राम चैनल 'शॉट' ने कहा कि वोटकिन्स्क के निवासियों ने रात के दौरान तीन विस्फोटों की आवाजें सुनी।

## क्रीट द्वीप के पास प्रवासियों की नाव पलटी 5 की मौत, 20 लापता

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और कम से कम 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे, लेकिन प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार नाव में क्षमता से अधिक लोग भरे हुए थे। शनिवार शाम तक जारी बचाव कार्य में खराब मौसम और समुद्री लहरों के कारण बाधाएं आ रही हैं।

# जयशंकर ने की राष्ट्रपति दा सिल्वा से मुलाकात

## भारतीय विदेश मंत्री ने रणनीतिक साझेदारी में ब्राजीली राष्ट्रपति के मार्गदर्शन की सराहना की



■ **मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मुलाकात की और भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की।

जयशंकर ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके गर्मजोशी भरे विचारों और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं। इसमें 11 कैबिनेट मंत्री, 300 से अधिक कारोबारी और विभिन्न कंपनियों के 50 मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं, जो व्यापार वाताओं में भाग लेंगे। दा सिल्वा की यह यात्रा जुलाई 2025 में मोदी की ब्राजील की यात्रा के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्राजील यात्रा थी। इस प्रतिनिधिमंडल से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत-ब्राजील संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ेगा। इससे पहले आज सुबह दा सिल्वा का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति दा सिल्वा बुधवार को भारत यात्रा पर पहुंचे थे। उन्होंने भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भाग लिया और शुक्रवार को नई दिल्ली में ब्राजील की ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (एपेक्स) के पहले कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य ब्राजील के उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना तथा ब्राजील की अर्थव्यवस्था के रणनीतिक क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करना है। भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रेका ने राष्ट्रपति दा सिल्वा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मजबूत व्यक्तिगत तालमेल की सराहना करते हुए इसे ग्लोबल साउथ के दो देशों के बीच ऐतिहासिक शिखर बैठक बताया और कहा कि दोनों नेता केवल सहयोगी ही नहीं, बल्कि मित्र भी बन चुके हैं।



# ओ रोमियो के बाद तृप्ति डिमरी के खाते में मेगा प्रोजेक्ट्स

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस वक्त अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ ओ रोमियो में जादू बिखेरा। इसी के बाद अब वो स्पिरिट से लेकर मां-बहन तक कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देनी वाली हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस समय सुर्खियों में बनी हुई हैं।

एक्ट्रेस एक के बाद एक कई हिट दे रही हैं। रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल के बाद से ही तृप्ति डिमरी अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ फिल्म ओश रोमियो में गजब का काम किया।

बॉलीवुड सेंसेशन तृप्ति डिमरी ओ रोमियो के अलावा अपनी अपक मिंग फिल्म को लेकर भी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस के पास अब कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। कॉमेडी से लेकर बायोपिक तक में अब वो नजर आएंगी। तृप्ति की मोस्ट अवेटेड फिल्म की बात करें, तो वो प्रभास के साथ की फिल्म स्पिरिट है। इस पैन-इंडिया फिल्म से उनके करियर को नई ऊंचाई मिलेगी। इस फिल्म में वो सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आएंगी। तृप्ति डिमरी और प्रभास की फिल्म स्पिरिट 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी। यह एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसे नेटफ्लिक्स पर ही रिलीज किया जाएगा। मां बहन में तृप्ति का एक अलग अंदाज दिखेगा, जो लोगों को काफी पसंद आने वाला है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, इसमें माधुरी दीक्षित के अलावा रवि किशन भी शामिल हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। 70-80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस परवीन बॉबी पर एक बायोपिक प्लान की जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस बायोपिक में तृप्ति डिमरी नजर आ सकती हैं। तृप्ति फिल्म में परवीन बॉबी की जिंदगी को पर्दे पर उतार सकती हैं। इस बायोपिक को नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड सीरीज की तरह बनाया जा सकता है।

**यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी।**

# सरगुन मेहता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, रवि दुबे संग बेबी प्लानिंग खबरों को बताया झूठ

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस सरगुन मेहता और उनके पति अभिनेता रवि दुबे के बारे में हाल ही में चल रही प्रेग्नेंसी अफवाहों ने मीडिया और सोशल मीडिया पर तूल पकड़ लिया था। कई न्यूज पोर्टल्स पर दावा किया कि यह कपल अपनी शादी के 12 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाला है। हालांकि, अब खुद सरगुन ने इसपर सख्त प्रतिक्रिया दी है और इन सभी अफवाहों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट साझा करते हुए सरगुन ने लिखा कि यह बिना चीजों की खबरें बहुत पहले से वायरल हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लोगों को कैसे पता कि हम दोनों (मैं और रवि) के बारे में हमसे पहले ही प्रेग्नेंसी का पता चल गया है? कृपया इसे बंद करें। सरगुन ने अपने नोट में यह भी मजाकिया लहजे में लिखा कि अगर मीडिया की बात मानी जाए तो वे पिछले दो साल से प्रेग्नेंट हैं- इतनी लंबी प्रेग्नेंसी? जो कि सच से कोसों दूर है।'' उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि कभी-कभी उनकी कैफे या सलून की फोटो को देखकर भी लोग यह मान लेते हैं कि वे प्रेग्नेंट हैं। सरगुन ने सवाल उठाया, क्या वे मेरे डाक्टर्स को जानते हैं? या सिर्फ कुछ तस्वीरें देखकर अनाप-शनाप बातें बना रहे हैं? उन्होंने लोगों से विनती की कि वे ऐसी अफवाहें फैलाने से पहले किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि करें। इससे पहले भी सरगुन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि शादी का मतलब हमेशा बच्चों की उम्मीद नहीं होती। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की जिंदगी की प्राथमिकताएं अलग होती हैं। कुछ लोग जल्दी माता-पिता बनते हैं, कुछ बाद मे, यह व्यक्ति के निर्णय पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहें शादी की पवित्रता को छोटा कर देती हैं, जबकि हर रिश्ते की अपनी एक अलग यात्रा होती है। बता दें कि सरगुन मेहता और रवि दुबे ने टीवी शो '12द्24 करोल बाग' की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे को डेट किया और 7 दिसंबर 2013 को शादी रचाई। रवि दुबे जल्द ही फिल्म 'रामायण' में लक्ष्मण के रोल में दिखाई देंगे, जबकि सरगुन ने हाल ही में पंजाबी फिल्म 'सौंकन सौंकने 2' में काम किया है।

# कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर!

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद, धुरंधर के प्रोड्यूसर ने हाल ही में धुरंधर: द रिवेंज का टीजर जारी किया। टीजर को अच्छा रिएक्शन मिला है। वहीं अब फिल्म मेकर फिल्म के रोमांच को बरकरार रखने के लिए एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज करने तैयार हैं।

धुरंधर के ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन को देखते हुए फिल्म के ट्रेलर से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर मार्च के पहले सप्ताह में रिलीज होगा। 5 मार्च की संभावना सबसे ज्यादा है। फिल्म को ईद पर रिलीज से पहले माहौल बनाने के लिए ट्रेलर को एकदम सही टाइम पर जारी किया जाएगा। इशका सावधानीपूर्वक सिलेक्शन किया जा रहा है।

खबरों के मुताबिक, ट्रेलर को भव्यता और रोमांच के बीच बैलेंस बनाए रखने के लिए एडिट किया गया है, जिसमें मूवी की कहानी को दिखाते हुए नए सीन और नए एंगल दिखाए गए हैं। मार्च की शुरुआत में रिलीज करने की स्ट्रेटजी के साथ, मेकर अब त्योहारी रिलीज के समय तक दर्शकों में उत्साह बनाए रखने का लक्ष्य रख रहे हैं।



सीक्वल में रणवीर सिंह का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिलेगा। वे लयारी के किंग के रूप में वापसी कर रहे हैं और ट्रेलर के शुरुआती पार्ट देखने वालों का कहना है कि उनका बदला हुआ रूप और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस सबसे अलग है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने इस किरदार को निभाने के लिए खूब तैयारियां की हैं।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर की रिलीज डेट हुई अनाउंस



**मुंबई।** बॉबी देओल फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी देओल फिल्म बंदर मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। आज मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। तो चलिए जानते हैं मूवी किस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस पोस्टर में बॉबी अग्रेसिव लुक में दिख रहे हैं और उन्होंने सन ग्लासेस पहने हैं। वही, कैप्शन में लिखा, 22 मई 2026 को सिनेमा हॉल में मिलते हैं। बता दें कि फिल्म बंदर को निखिल द्विवेदी ने प्रोड्यूस किया है और बीते साल ही इस मूवी का पहला पोस्टर भी तभी अनाउंस किया था। 2025 की जुलाई में ही फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था।जहां पर इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद अब यह बॉलीवुड सिनेमा में धूम मचाने को तैयार है। वहीं, पोस्टर को लेकर भी लोग तारीफ कर रहे हैं, द गेम चेंजिंग मूवी। दूसरे ने लिखा, बॉबी देओल की नियमित खलनायक भूमिकाओं से कुछ अलग देखने को मिलेगा। उम्मीद है कि यह सिनेमाघरों में हमें चौंका देगा।

# मॉडर्न लव स्टोरी में छा गई मृणाल-सिद्धांत की जोड़ी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के साथ अनुराग सिन्हा के डायरेक्शन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म अस्सी भी रिलीज हुई है।

वहीं, दो दीवाने सहर में मृणाल और सिद्धांत की रोमांटिक लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक अरेंज मैरिज के लिए मिले एक लड़का और लड़की की कहानी किस मोड़ पर जाती है। तो चलिए फिल्म को लेकर एक नजर डालते हैं दर्शकों के रिएक्शन पर कि उन्हें यह फिल्म कैसी लगी है।

ट्विटर पर दो दीवाने सहर में को लेकर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, दो दीवाने शहर में के स्पेशल फैन प्रीव्यू में दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां सिद्धांत और मृणाल दर्शकों के पसंदीदा बन गए।

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की उपस्थिति ने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया। सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, इस वैलेंटाइन डे पर, प्यार की गूंज सुनाई देगी 'आस्मा'। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत फिल्म 'दो दीवाने शहर में' आधुनिक प्रेम कहानी को वास्तविक रोमांस के सार के साथ प्रस्तुत करती है। तीसरे यूजर ने लिखा, यह पहले से ही ट्रेंड कर रहा है।

कोई शोर-शराबा नहीं।
बस भावनाएं और
अब BookMyShow
पर भी ट्रेंड कर रहा है। 'दो दीवाने सहर में' यह साबित कर रहा है कि एक अपूर्ण रूप से परिपूर्ण प्रेम कहानी, जिसे ईमानदारी से बताया जाए, असरदार है।



**सिद्धांत और मृणाल की यह फिल्म सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा है, रवि उदयवार द्वारा निर्देशित यह फिल्म समकालीन शहरी जीवन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मार्मिक प्रेम कहानी में युवा सितारों की एक नई जोड़ी को पर्दे पर पेश करती है। फिल्म दिखाती है कि किस तरह आधुनिक रिश्तों की उलझनों और खामियों से जूझते हुए परीकथाओं वाले रोमांस के बजाए साझा कमजोरियों के माध्यम से जुड़ाव पाते हैं।**

# प्रियंका ने किया बॉलीवुड छोड़ने का खुलासा

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर भारत का मान बढ़ाया है, अब लंबे इंतजार के बाद बॉलीवुड में धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रियंका जल्द ही दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। इस कमबैक की खबरों के बीच प्रियंका ने उन कड़वे अनुभवों और वजहों को साझा किया है, जिसके चलते उन्हें बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख करना पड़ा था। प्रियंका ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वे कभी भी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री में एक कोने में धकेला जा रहा था। उन्होंने बताया कि वे उस समय फिल्म इंडस्ट्री में खुद को काफी 'सीमित' महसूस कर रही थीं। वे ऐसे मौकों की तलाश में थीं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर नई ऊर्जा दें। जब बॉलीवुड में उन्हें सीमित महसूस होने लगा, तब प्रियंका ने अमेरिका का रुख किया। वहां उन्होंने संगीत और फिर 'क्वांटिको' जैसी सीरीज के जरिए अपनी नई पहचान बनाई। प्रियंका के अनुसार, उन्होंने किसी एक इंडस्ट्री को नहीं चुना, बल्कि जहां उन्हें बेहतर काम मिला, वे वहां चली गईं। आज वे दोनों ही इंडस्ट्रीज हॉलीवुड और बॉलीवुड में संतुलन बनाकर काम करना पसंद करती हैं।

